26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 19 मार्च, 2026

अंक- 144 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने इजरायली हमले में देश के खुफिया मामलों के मंत्री इस्माइल खतीब की मौत की आधिकारिक पुष्टि करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। यह पिछले 24 घंटे के भीतर किसी उच्च पदस्थ तीसरे ईरानी अधिकारी की हत्या है।

# रमज़ान और नवरात्रि की धूम
## भक्ति और भाईचारे का संगम

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश भर में आज भक्ति और भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां आज से चैत्र नवरात्रि का भव्य शुभारंभ हुआ है, मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम बोहरा समाज ने अपने 30 रोज़े पूरे कर हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर मना रहा है। मुंबई, इंदौर, उदयपुर, गलियाकोट, बड़ौदा, रतलाम आदि प्रमुख जगहों पर बोहरा समाज की मस्जिदों में नमाज अदा की गई। उधर, आज चांद दिखा तो मुस्लिम समाज शुक्रवार को, नहीं तो शनिवार को ईद का पर्व मनाएगा। शनिवार को ज्यादा उम्मीद है। ऐसी स्थिति में कल जुमा अलविदा होगा। मुस्लिमों द्वारा ईद की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं।



हिन्दुओं का प्रमुख पर्व चैत्र नवरात्रे आज से पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हो गये। देशभर के प्रसिद्ध मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विशेष आध्यात्मिक रौनक रही। धर्मनगरी काशी में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने श्री दुर्गा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। मां के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। देश की राजधानी दिल्ली भी भक्तिमय माहौल में डूबी रही। छतरपुर मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन भव्य आरती की गई, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे।

**आज का दिन भारत की 'विविधता में एकता' की सुंदर तस्वीर पेश कर रहा है। मंदिरों में गूंजते शंखनाद और मस्जिदों से आती अमन की दुआएं एक साथ देश के सांस्कृतिक वैभव को दर्शा रही हैं।**

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री सांई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
( श्याम बाबा ) के दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार ( दिन/रात शिफ्ट )
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

## संसद में अपनी मांगों को रखते हुए रेल मंत्री पर कटाक्ष करते हुए नजर आए नगीना सांसद

# मैं एक पैर पर खड़ा होकर बोलूं या दोनों पैरों पर, आप हमारी बातों पर भी ध्यान आकर्षित करें-चंद्रशेखर

**नगीना ( चिंगारी )।** देश की संसद में नगीना सांसद चंद्रशेखर ने रेल मंत्री पर विपक्षी सांसदों की मांगों को अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए तंज कसा। सांसद ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए रेल मंत्री से सवाल किया कि वह एक टांग पर खड़ा होकर बोलें या दोनों टांगों पर, आप हमारी बातों पर ध्यान केंद्रित करें।



देश की संसद में रेल मंत्री की मौजूदगी में बोलते हुए नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आप सत्ता पक्ष के सांसदों की मांगों को तो पूरा करते हैं, यदि आप हमारी मांगों को भी पूरा करेंगे तो पता चलेगा कि आपकी सरकार की कथनी-करनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि यदि आप सत्ता पक्ष के लोगों का ही काम करेंगे तो आपकी सरकार सबकी सरकार नहीं कहलाएगी। उन्होंने कहा कि जहां के लोगों ने आपको वोट नहीं दिया आपको उनका भी संरक्षण करना होगा, क्योंकि मंत्री किसी एक पार्टी विशेष का नहीं देश का होता है।

अपनी बात को रखते हुए सांसद चंद्रशेखर ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत नगीना रेलवे स्टेशन पर हो रहे नवीनीकरण के कार्य को जल्दी पूरा कराने के साथ-साथ प्लेटफार्म नंबर दो की लंबाई बढ़ाये जाने की मांग भी दोहराई। उन्होंने नगीना व धामपुर से दिल्ली व लखनऊ के लिए नई ट्रेन चलाने, दिल्ली व हरिद्वार जाने वाली प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज नगीना लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर करवाने, नजीबाबाद से नगीना, धामपुर होते हुए मुंबई के लिए ट्रेन चलाने आदि की मांग रखी। उन्होंने कहा कि सरकार लोकसभा में एक-एक मिनट समय की कीमत बताने का प्रयास करती है, लेकिन उनके लोकसभा क्षेत्र में नगीना, धामपुर, स्योहारा आदि नगरों में स्थित रेलवे फाटकों पर ओवर ब्रिज व अंडरपास नहीं बनने के चलते लोगों के समय की खूब बर्बादी होती है। उन्होंने नगीना लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रमुख नगरों पर स्थित रेलवे फाटकों पर अंडर पास व ओवरब्रिज का कार्य जल्द शुरु कराने की मांग की। सांसद ने कहा कि उनके नगीना लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले स्टेशन दो राज्यों को जोड़ते हैं, इसलिए रेल विभाग को इस प्रमुख रेल ट्रैक को मजबूती प्रदान करनी चाहिए।

## गौवंश के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप

### तुराबनगर गौशाला से दो गाय चोरी

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम तुराबनगर में गौवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को दफना दिया है। मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं गौशाला से भी दो गौवंश चोरी हुए हैं।

**पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे**

आज पृथक समय ग्राम तुराबनगर के पास स्थित खेतों में गौवंश के अवशेष दिखाई दिए। सूचना मिलने पर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे एवं एसडीएम धामपुर भी मौके पर पहुंच गई और मौका मुआयना किया गया। बताया जाता है कि प्रशासनिक अधिकारियों ने मिले अवशेषों का अंतर परीक्षण करने के बाद उन्हें मिट्टी में दबा दिया है, वहीं तुराबनगर स्थित गौशाला से दो गौवंश भी चोरी हुए हैं, जिन्हें भी उक्त अवशेषों से जोड़कर भी देखा जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले में अभी जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप ने बताया कि अवशेष जो मिले थे, उन्हें मिट्टी में दफना दिया है। गौशाला से दो गायों की चोरी होने की जानकारी मिली है।




हिंदू नववर्ष ( विक्रमी संवत 2083 ) एवं हनुमान जन्मोत्सव की सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. आर के चौहान
डॉ. अनिता रानी चौहान

**दयावती अस्पताल**
N H 74 कालागढ़ मार्ग, धामपुर

सुविधाएं-
*टूटी हुई हड्डी के सभी आपरेशन
*डिजिटल X-Ray
*कलर अल्ट्रासाउंड





चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी सम्वत 2083

**भारतीय नववर्ष**

( नव संवत्सर ) की सभी देशवासियों, जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों, भाजपा व हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं



**केशव चौधरी** जिला मंत्री
भारतीय जनता पार्टी, निवास ग्राम मीरापुर चांदपुर, बिजनौर



मुकद्दस
**रमज़ान**
उन्तीसवां रोजा : गुरुवार, 19 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:31, शिया 6:40
तीसवां रोजा : शुक्रवार, 20 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:57, शिया-4:51



**डॉ. मनोज वर्मा**
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम, स्योहारा



**मौ. अजमल उमर**
युवा भाजपा नेता/समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी- अध्यक्ष पद
नगर पंचायत मण्डावर



**आशीष अग्रवाल**
एम. डी.
शक्ति किसान सेवा केंद्र
कंवल नैनपुर, मण्डावर बिजनौर



**कपिल कुमार**
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी- 19 -बढ़ापुर
वि.स. क्षेत्र समाजवादी पार्टी



**एड. मदनलाल सैनी**
राष्ट्रीय अध्यक्ष- भगीरथ सेना
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
समाजवादी पार्टी उ.प्र.
19-बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र



**सलमान अलीमुद्दीन**
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक- अफ़ज़लगढ़ (बिजनौर)

लापरवाही से दौड़ते कंटेनर ने ली बाइक सवार महिला की जान ( पेज 13 )





मां काली मंदिर



मां चामुंडा मंदिर

# या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता...

## चैत्र नवरात्रों के प्रथम दिन मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बिजनौर ( चिंगारी )। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन जनपद में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ कलश स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।**

सुबह से ही जिले के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के काली माता मंदिर, चामुंडा मंदिर और शीतला माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां भगवती के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर 'जय माता की' के जयकारों से गूंज उठे। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा।

महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने व्रत रखकर मां दुर्गा की आराधना की। श्रद्धालुओं ने उपवास रखा। इस दौरान मंदिरों में सफाई और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए। नवरात्रि के पहले दिन से ही शहर का माहौल भक्तिमय हो गया है। आगामी दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

**नांगल सोती।** आज से चैत्र नवरात्रि का पर्व आरम्भ हो गया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में घटस्थापना तथा माता रानी की चौकी स्थापित करके आज नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गाजी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना की।

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस यानी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही नवसंवत्सर ( हिन्दू नववर्ष ) की भी शुरुआत होती है। मान्यता है कि जहां नवरात्र से मानव शरीर में नवऊर्जा का संचार होता है , वहीं सच्चे मन से माता रानी की आराधना करने वालों पर उनकी ऐसी कृपा होती है कि भक्तों के सभी दुख-संकट, कष्ट मिट जाते हैं। मां शैलपुत्री नवदुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा।



चमेली वाले मंदिर पर माता रानी की आराधना करतीं महिला श्रद्धालु

विश्वास है कि मां शैलपुत्री की आराधना से जीवन में स्थिरता और दृढ़ता आती है। इनकी उपासना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है तथा कन्याओं को उत्तम वर मिलता है। महिलाओं की पारिवारिक स्थिति अच्छी होती है तथा दाम्पत्य जीवन के कष्ट-क्लेश और बीमारियां मां शैलपुत्री की कृपा से दूर होती हैं। आज चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गंगा घट्टी के तट पर स्थित मां महाकाली मंदिर तथा उसके समीप स्थित चमेली वाले मंदिर पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। रमजान का 29वां रोज़ा और नवरात्र का पहला व्रत एक साथ होने के कारण आज फलों की रिकॉर्ड बिक्री हुई।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

उन्नीतसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:31, शिया 6:40
तीसवां रोजा : शुक्रवार, 20 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:57, शिया-4:51

### चैत्रीय नवरात्र

### द्वितीय ब्रह्मचारिणी

20 मार्च 2026, शुक्रवार



मां के इस रूप से पूजन से मन विचलित नहीं होता और दीर्घायु प्राप्त होगी है। मां ब्रह्मचारिणी के रूप में सर्वव्यापी ब्रह्मंडीय चेतना का दूसरा स्वरूप नवरात्रि के दूसरे दिन भक्तों को आशीष देता है। ब्रह्म का अर्थ है वह परमचेतना, जिसका न तो कोई आदि है और न कोई अंत, जिसके पार कुछ भी नहीं है। ब्रह्मचारिणी के रूप में भक्त ध्यानमग्न होकर परमसत्ता की दिव्य अनुभूति करते हैं। साधना मं: ऊं देवी ब्रह्मचारिण्यै नम:



डा. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा ( बिजनौर )

ईद मुबारक
Hero
ईद व नवरात्र ऑफर
एडवांस बुकिंग कराने पर निश्चित उपहार
₹10000/-* तक की महाबचत





आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक, सुपरवाइजर व सेल्स और फीमेल टेलीकॉलर
21999/- के डाउन पेमेंट पर
नियम व शर्तें लागू
मात्र 21999/- के डाउन पेमेंट पर 160 CC की बाइक घर ले जायें और त्यौहारों को और खुशगवार बनायें।
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## युद्ध और तेल का खेल

ईरान ने होर्मुज खाड़ी की नाकेबंदी कर दी है जिसके चलते वहां से तेल और गैस का निर्यात लगभग बंद हो गया है। होर्मुज की केवल 33 किलोमीटर चौड़ी खाई से दुनिया के तेल का लगभग 20 प्रतिशत गुजरता है जिसके बंद होने से खाड़ी देशों के साथ ही सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस स्थिति से रूस को लाभ हुआ है क्योंकि उसका तेल निर्यात अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद बढ़ा है तथा अमेरिका व यूरोप समेत दुनिया के अनेक देशों की रूसी तेल पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के बीच लंबी वार्ता हुई है जिसका उद्देश्य दुनिया को संभावित ऊर्जा संकट से बचाना है। ऊर्जा संकट और आर्थिक संकट के साथ ही ईरान के तेल भंडारों तथा ईरान द्वारा जवाबी कार्रवाई में खाड़ी देशों के तेल भंडारों व तेल शोधन संयंत्रों पर किए हमलों से भारी मात्रा में जहरीली गैसें वातावरण में फैल रही हैं तथा 'एसिड रेन' का खतरा बढ़ता जा रहा है। ईरान की राजधानी में रहने वाले लोगों को घरों में रहने पर भी भारी प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है और उनको सांस लेने में कठिनाई हो रही है। युद्ध में तेल भंडारों व संयंत्रों के साथ ही जल शोधन प्रणालियों पर हमले अनेक देशों की जनता को भयानक 'जल संकट' में धकेल सकते हैं। हालांकि, तेहरान जल शोधन संयंत्रों के बजाय नदियों से आने वाले पानी पर निर्भर है, पर वे नदियां सूख रही हैं तथा युद्ध के कारण पैदा भारी प्रदूषण से उनका पानी भी इस्तेमाल करना कठिन होता जा रहा है। इस्राइल ने गाजा में भयानक बमबारी कर पूरे क्षेत्र को लगभग खंडहर में बदल दिया है जिसके कारण 70,000 से अधिक लोगों को जान से हाथ धोने पड़े हैं। इसके अलावा सालों की मेहनत से बने मकान व अन्य नागरिक सुविधायें ध्वस्त होने के कारण दुनिया की सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्र गाजा की जनता भयानक गरीबी में धकेल दी गई है।

## अम्हेड़ा ईदगाह में ईद की नमाज प्रातः 8:30 बजे

अम्हेड़ा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मुहम्मद अहमद कासमी ने बताया कि ईद कमेटी की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। ईदगाह में नमाज सुबह 8:30 बजे होगी।

# नवसंवत्सर और चैत्र नवरात्रि

# सनातन चेतना, विज्ञान और प्रकृति के समन्वय का महापर्व!

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय कालगणना में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि नवजीवन, नवचेतना और नवसंवत्सर का उद्घोष है। शास्त्रों के अनुसार संवत्सर का प्रारम्भ उदयकालीन प्रतिपदा से ही मान्य होता है। प्रतिपदा की वृद्धि और क्षय के नियमों के आधार पर इस वर्ष (संवत् 208 × वि.) नवसंवत्सर का आरम्भ आज, 19 मार्च 2026 को शास्त्रसम्मत रूप से स्वीकार किया गया है। यह केवल गणना नहीं, बल्कि समय और सृष्टि के सूक्ष्म संतुलन का प्रतीक है, जहां प्रत्येक आरम्भ प्रकृति और चेतना के गहन संबंध को अभिव्यक्त करता है।

**नवसंवत्सर के साथ आरम्भ होती है चैत्र नवरात्रि– एक ऐसा पर्व जो धर्म, आस्था, विज्ञान, आयुर्वेद और पर्यावरण चेतना का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। सनातन धर्म में 'शक्ति' को सृष्टि की मूल ऊर्जा माना गया है और नवरात्रि उसी शक्ति के नवस्वरूपों की उपासना का काल है। यह पर्व केवल अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन को संयम, संतुलन और जागरूकता की दिशा में अग्रसर करने का एक समग्र अवसर है।**



धर्म के दृष्टिकोण से नवरात्रि आत्मशुद्धि और अनुशासन का पर्व है। देवी के नौ स्वरूप– शैलपुत्री से सिद्धिदात्री तक जीवन के नौ मूल गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये स्वरूप हमें सिखाते हैं कि स्थिरता, तप, साहस, सृजन, ममता, न्याय, विनाश, शुद्धता और पूर्णता– ये सभी जीवन को पूर्ण बनाते हैं। सनातन परंपरा में प्रकृति को 'माता' मानकर पूजने की परंपरा रही है और नवरात्रि उसी मातृभाव की पुनर्सथापना का पावन अवसर है।

यदि इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह समय ऋतु परिवर्तन का होता है– जब शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु की ओर संक्रमण होता है। इस परिवर्तन के दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली प्रभावित होती है। ऐसे में उपवास, सात्विक आहार और संयमित दिनचर्या शरीर को शुद्ध और संतुलित करने का कार्य करती है। नियंत्रित उपवास शरीर की कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है और पाचन तंत्र को विश्राम देता है। इस प्रकार नवरात्रि का व्रत केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक स्वास्थ्य पद्धति भी है।

आयुर्वेद के अनुसार यह समय 'कफ दोष' के प्रकोप का होता है। नवरात्रि में फलाहार, कुट्टू, सिंघाड़ा, साबूदाना जैसे हल्के और सुपाच्य आहार शरीर को संतुलित करते हैं। साथ ही नीम, गिलोय और त्रिफला जैसे औषधीय तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। यह स्पष्ट करता है कि हमारे पर्व केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली का भी आधार हैं।

नवरात्रि का एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयाम पर्यावरण चेतना है। चैत्र मास प्रकृति के पुनर्जन्म का काल है– वृक्षों में नवपल्लव, खेतों में हरियाली और वातावरण में नवीन ऊर्जा का संचार होता है। यह प्रकृति के नवजीवन का उत्सव है। ऐसे में नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि हम प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि माता के रूप में देखें। आज जब पृथ्वी जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से जूझ रही है, तब यह पर्व हमें संरक्षण और संतुलन का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है।

पूजन विधि भी अपने भीतर गहरा प्रतीकवाद समेटे हुए है। कलश स्थापना पंचमहाभूतों का आह्वान है, अखंड ज्योति ज्ञान और चेतना का प्रतीक है, और दुर्गा सप्तशती का पाठ आत्मबल को जागृत करता है। अष्टमी या नवमी पर कन्या पूजन नारी शक्ति के सम्मान और संतुलन का संदेश देता है। यह सभी अनुष्ठान हमें यह सिखाते हैं कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक संतुलन का भी विषय है।

**नवरात्रि के लाभ बहुआयामी हैं। यह मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाती है। शरीर को स्वस्थ और संतुलित बनाती है तथा सामाजिक स्तर पर एकता और सद्भाव को सुदृढ़ करती है। यह पर्व व्यक्ति को आत्मचिंतन और आत्मविकास के मार्ग पर अग्रसर करता है।**

अब समय आ गया है कि नवरात्रि केवल परंपरा का निर्वहन न रह जाए, बल्कि जीवन परिवर्तन का संकल्प बने। यदि हम देवी के गुणों को अपने आचरण में उतारें, प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनें और संतुलित जीवनशैली अपनाएं, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन समृद्ध होगा, बल्कि समाज और प्रकृति भी सुरक्षित और संतुलित रहेंगे।

**यही चैत्र नवरात्रि और नवसंवत्सर का वास्तविक संदेश है–**
आत्मजागरण, प्रकृति संरक्षण और सनातन मूल्यों के साथ संतुलित जीवन की ओर एक सशक्त कदम।

**–प्रकाश पंकज, हल्दौर**

# दिल्ली से भागूवाला आ रही महिला के साथ बस में छेड़छाड़

**नांगल सोती (चिंगारी)। एक महिला के साथ दिल्ली से भागूवाला आ रही प्राइवेट बस में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला द्वारा ससुराल में सूचना देने पर गत रात्रि काफी व्यक्तियों ने ग्राम चंदोक में पहुंचकर हंगामा किया और पुलिस को बुलाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल मुजफ्फरनगर जनपद का है।**

नांगल थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला कल गाजियाबाद स्थित अपने मायके से दिलशाद गार्डन, दिल्ली से भागूवाला आ रही बस में सवार होकर अपनी ससुराल आ रही थी। महिला का आरोप है कि रास्ते में बस में सवार कुछ व्यक्तियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की तथा उस पर अश्लील टिप्पणियां कीं। महिला ने छेड़छाड़ से परेशान होकर डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पुलिस ने कॉल बैक करके बस को नजदीकी पुलिस चौकी पर रुकवाने को कहा। महिला का आरोप है कि बस कंडक्टर ने उससे फोन छीनकर पुलिस से कह दिया कि हमारा फैसला हो गया है। उन लोगों ने उसके साथ फिर छेड़छाड़ की। बाद में बस के ड्राइवर तथा कंडक्टर ने यात्री के रूप में मौजूद आरोपियों को रास्ते में ही उतार दिया।

महिला ने घटना की सूचना अपने ससुराल में दी, तो रात्रि लगभग 9 बजे काफी व्यक्ति इकट्ठे होकर ग्राम चंदोक में आ गये। अन्य कई व्यक्ति भी वहां पहुंच गये। बस के वहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए पुलिस को मौके पर बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ड्राइवर, कंडक्टर और बस को थाने ले गई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि महिला के साथ घटना मुजफ्फरनगर जनपद में हुई है। वहीं की डायल 112 की पीआरवी को सूचना दी गई थी। महिला व उसके परिजन मुकदमा लिखाना नहीं चाहते हैं। फिर भी बस चालक सलमान तथा क्लीनर सुभाष का धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत चालान किया गया है।

# भ्रामक आख्या देने पर दो लेखपाल निलंबित

## श्रेणी-1 ( ख ) भूमि पर रिटेल आउटलेट की अनुमति का मामला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम खेड़की हेमराज स्थित श्रेणी-1(ख) की भूमि पर पेट्रोल पंप स्थापना के लिए भ्रामक आख्या देने के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो लेखपालों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

तहसीलदार सदर बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुरादाबाद मंडल कार्यालय द्वारा ख्वाजा फिलिंग स्टेशन के पीछे एनएच-9, पाकबाड़ा (मुरादाबाद) के अंतर्गत ग्राम खेड़की हेमराज, परगना व तहसील-जिला बिजनौर की खसरा संख्या 8/1, 8/70/1 व 8/87/2 पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने का प्रस्ताव भेजा गया था। जांच में सामने आया कि संबंधित भूमि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी-1(ख) में दर्ज है, जबकि सर्वे लेखपाल अनिल कुमार, राजस्व लेखपाल मोहम्मद अरशद तथा राजस्व निरीक्षक कुंभकरण सिंह द्वारा भ्रामक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस आधार पर जारी एनओसी को अवैध मानते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) के 23 फरवरी 2026 के पत्र के आलोक में उसे तत्काल निरस्त करने के लिए जिलाधिकारी को आख्या प्रेषित कर दी गई है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सर्वे लेखपाल अनिल कुमार एवं राजस्व लेखपाल मोहम्मद अरशद को निलंबित कर दिया गया है। वहीं राजस्व निरीक्षक कुंभकरण सिंह के विरुद्ध आवश्यक विभागीय कार्रवाई हेतु संस्तुति जिला स्तर पर भेजी गई है। प्रशासनिक हलकों में इस कार्रवाई को राजस्व अभिलेखों में अनियमितताओं के विरुद्ध सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
विवेक सेन

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
उन्नीतसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:31, शिया 6:40
तीसवां रोजा : शुक्रवार, 20 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:57, शिया-4:51



DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.


# हज्जन जैतून बेगम का इंतेक़ाल, हर किसी को हो रहा मलाल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** पूर्व पालिका सभासद हाजी अहमद रज़ा की पत्नी व प्रमुख समाजसेवी डा. मौ. मोहसिन की माता हज्जन जैतून बेगम ( 94 वर्ष ) के इंतेकाल पर नगर व क्षेत्र में शोक छा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके घर पहुंचकर रंजोग़म का इज़हार किया और हजारों नम आंखों के बीच हज्जन जैतून बेगम को मौहल्ला मंझोली स्थित मस्जिद में जनाजे की नमाज के बाद उन्हें उनके आबाई कब्रिस्तान में दफना दिया गया। स्थानीय मौहल्ला जैनुलआबेदीन निवासी हाजी अहमद रज़ा की पत्नी हज्जन जैतून बेगम पिछले कुछ वर्षो से कूल्हे की बीमारी से पीड़ित थीं और दो पुत्रों जाहिद रज़ा शिक्षक व हाजी मौ. हनीफ के असमय इंतेकाल से गहरे सदमे में थीं। हज्जन जैतून बेगम बेहद खुशअखलाक व मिलनसार तथा रोजे, नमाज की पाबंद महिला थीं। उनका इंतेकाल बीती रात करीब 8 बजे शाम घर पर हुआ।

# मनोनीत सभासदों को शपथ दिलाई




**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में शासन द्वारा नामित पांच सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने सभी मनोनीत सभासदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि शासन द्वारा अनुभवी और कर्मठ लोगों को मनोनीत किया गया है। इनके आने से नगर के विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी और पालिका परिषद और अधिक सशक्त होगी।

अधिशासी अधिकारी विकास कुमार के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में शासन द्वारा नामित सभासद मनोरमा शर्मा, सुरेंद्र सिंह, आशीष अग्रवाल, पीयूष राज और मानव सचदेवा ने शपथ ली। शपथ ग्रहण के पश्चात पालिका प्रशासन की ओर से सभी नये सदस्यों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह, व्यापार मंडल से मनोज कुचल, मुनीष त्यागी, बी.एस. राजपूत सहित नगर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक और निर्वाचित सभासद मौजूद रहे।


ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी


# आपसी भाईचारे के साथ मनाएं ईद-उल-फ़ितर का पर्व- पाशा

## किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/ राष्ट्रीय अध्यक्ष व स्वीप आइकॉन ब्रांड एंबेसडर लोकसभा चुनाव 2024 सदस्य जिला स्तरीय समिति बिजनौर एमआर पाशा ने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि ईद उल फितर का पर्व शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि सभी जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल दें। साथ ही शांति व्यवस्था एवं भाईचारा को खत्म करने वाला न तो खुद कोई काम करना चाहिए और न ही किसी दूसरे को ऐसा काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांति, सद्भाव व आपसी भाईचारा ही हमारे मुल्क की पहचान है। भारत की गंगा जमनी तहजीब की पूरे देश में तारीफ होती है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति व संगठन धार्मिक भावनाएं भड़काते हुए समाज को बांटने का काम कर रहा है, वह पूरी तरह से देशद्रोही है। कोई भी सच्चा व अच्छा देशभक्त कभी भी ऐसा काम नहीं कर सकता है, जिससे नफ़रत को बढ़ावा मिलता हो। उन्होंने कहा कि नफ़रत फैलाने वाले व्यक्तियों व संगठनों का सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों की खुशियों में गरीबों, बेसहारों और दिव्यांगों को भी शामिल किया जाना चाहिए।



### सड़कों पर नमाज अदा न करें

**राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि कोई भी मुस्लिम भाई सड़कों पर नमाज अदा न करें। पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी आपसी भाईचारे के साथ ईद उल फितर का पर्व मनायें।**

# गुरुकुल स्कूल के तीन छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर के तीन छात्रों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने में सफलता प्राप्त हुई है, जिससे विद्यालय परिवार गदगद है। विद्यालय के एमडी, सेवानिवृत्त फौजी डालचंद पाल ने बताया कि स्कूल के छात्रों अंशुमन पाल पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम शहजादपुर, प्रशांत पुत्र महेश कुमार निवासी ग्राम रायपुर खास और चिराग पुत्र धीरज कुमार निवासी ग्राम हरचंदपुर ने नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिये लगी पहली लिस्ट में स्थान प्राप्त कर लिया है। अभी दूसरी लिस्ट आना बाकी है। पिछले वर्ष भी स्कूल के चार विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिये हुआ था। उन्होंने बताया कि जब से स्कूल की स्थापना हुई है, तब से हर वर्ष स्कूल के विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल और अटल आवासीय स्कूल में प्रवेश के लिये होता है।



# वन निगम में विदेश यात्रा के नाम पर लाखों के घोटाले का पर्दाफाश

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड वन विकास निगम मुख्यालय से जुड़ा एक गंभीर वित्तीय गड़बड़ी का मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। यह प्रकरण तत्कालीन प्रबंध निदेशक गिरिजा शंकर पांडेय की एक विदेशी यात्रा से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, जिसमें लाखों रुपये के संदिग्ध भुगतान की बात सामने आई है।

जानकारी के मुताबिक, 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2025 के बीच की इस विदेश यात्रा में खर्च के कई ऐसे पहलू सामने आए हैं, जो रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति में स्पष्ट विरोधाभास दर्शाते हैं। दस्तावेजों के अनुसार, 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक वियतनाम के हनोई स्थित होटल डोल्से में ठहरने के लिए 2,75,258 रुपये का भुगतान टूर एजेंसी को किया गया। जबकि उपलब्ध रिकॉर्ड बताते हैं कि 1 अप्रैल को संबंधित अधिकारी देहरादून में ही मौजूद थे। ऐसे में उसी दिन हनोई में चेक-इन दिखाया जाना गंभीर संदेह पैदा करता है।

यात्रा के दौरान निजी खरीदारी को लेकर भी सवाल उठे हैं। आरोप है कि शॉल और टोपी जैसी व्यक्तिगत वस्तुओं पर 44,880 रुपये खर्च किए गए, जिसका भुगतान भी निगम के खाते से किया गया। यह वित्तीय




नियमों के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

वहीं, ठहरने के खर्चों में भी असामान्य पैटर्न देखने को मिला है। 6 और 7 अप्रैल के लिए हनोई के मेलिया होटल में 1,17,237 रुपये का भुगतान किया गया, जबकि इसी अवधि में 6 से 8 अप्रैल के बीच सिएम रीप होटल के लिए 1,42,857 रुपये भी जारी किए गए। यानी एक ही तारीख में दो अलग-अलग स्थानों पर ठहरने के बिल निगम को प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा, 4 और 5 अप्रैल को क्रूज यात्रा और ठहराव के नाम पर 3,50,191 रुपये का अलग से भुगतान किया गया। हैरानी की बात यह है कि इसी दौरान होटल डोल्से का किराया भी जारी रहा। इस तरह एक ही समय में तीन अलग-अलग स्थानों पर ठहरने के खर्च दिखाकर सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।

> **इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारियों की कार्यशैली को भी कटघरे में ला दिया है। अब देखना होगा कि इस मामले में जांच किस दिशा में आगे बढ़ती है और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।**




## एलपीजी वितरण को लेकर कांग्रेस फैला रही झूठ-भाजपा

**देहरादून (चिंगारी)।** भाजपा ने एलपीजी वितरण को लेकर कांग्रेस पर अफवाह और झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। प्रदेश प्रवक्ता राजपुर विधायक श्री खजान दास ने कहा, गल्फ युद्ध से जहाज़ों के आने और गैस एजेंसियों पर स्थिति सामान्य नजर आने से अब विपक्षी प्रोपेगैंडा की पोल पूरी तरह खुल गई है। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर पारदर्शी नीति अपनाई हुई है। जिसमें बताया गया है कि तेल को लेकर हमारे पास 90 दिन का रिजर्व स्टॉक है, जिसके इस्तेमाल की नौबत तक नहीं आई है और ईरान से जहाज भी पहुंचने लगे हैं। इसी तरह पीएनजी और सीएनजी को लेकर भी किसी भी तरह की दिक्कत देश को नहीं है। जहां तक सवाल है एलपीजी सिलेंडरों का तो उसमें भी पहले ही देश ने इसके अंतरिक उत्पादन को 30 फीसदी बढ़ा दिया है। वहीं खाड़ी से भी दो जहाज शिवालिक और नंदा देवी आए हैं और एक और जहाज आने वाला है। उन्होंने कहा, खाड़ी युद्ध के विश्व संकट से उपजी समस्या को बढ़ा-चढ़ा कर और अफवाह फैलाने की दृष्टि से विपक्ष जो प्रयास कर रहा था, अब उसकी पोल पूरी तरह खुल गई है। प्रदेश और देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर पूरा भरोसा है, यही वजह है कि पेट्रोलियम पदार्थों की कमी का भ्रम और झूठ फैलाने के बावजूद देश में बहुत कम असामान्य दृश्य नजर आया है।

### धामपुर ईदगाह में नमाज 8.15 बजे

**धामपुर (चिंगारी)।** शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद कमर कासमी में बताया कि नगीना मार्ग स्थित ईदगाह मे ईद की नमाज़ सुबह 8:15 बजे व फल चौक स्थित जामा मस्जिद में प्रात: 8:30 बजे अदा की जाएगी।

## अनुष्ठान व शिव महापुराण कथा का समापन

**धामपुर (चिंगारी)।** मौहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में आयोजित सात दिवसीय सर्व कष्ट निवारण अनुष्ठान एवं शिवमहापुराण कथा का समापन हवन-यज्ञ के साथ श्रद्धा एवं विधि-विधानपूर्वक किया गया। अंतिम दिन प्रात: से ही आश्रम परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे वातावरण में भक्तिमय ऊर्जा का संचार होता रहा। अनुष्ठान के समापन अवसर पर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ सम्पन्न कराया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

इस दौरान महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज,उनके उत्तराधिकारी आचार्य शशिकांत वशिष्ठ, व्यवस्थापक सौरभ वशिष्ठ की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सुमित अवस्थी सहित क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे और धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में बरेली से आए दम्पति सुरेश चन्द्र एवं मिथलेश ने आश्रम पहुंचकर पूजा-अर्चना की और दिल्ली से आए विपिन कुमार आदि ने महंत राधेश्याम व्यास का आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें अंगवस्त्र भेंट किए। समापन अवसर पर महंत राधेश्याम व्यास ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए धर्म, आस्था और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

## श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला सहित नगर के अनेक मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता रानी के पावन स्वरूप शैल पुत्री का पूजन किया। मंदिर कालिया वाला के बाहर सजी हुई दुकानों पर श्रद्धालु परिवारों ने पूजा अर्चना से संबंधित सामग्री की खरीदारी करते हुए माता रानी के चरणों में अर्पित की। जबकि नव विवाहित दंपतियों ने मां के चरणों में संतान प्राप्ति की प्रार्थना की। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान चलाकर चूने आदि का छिड़काव भी कराया गया।




## 20 वां वार्षिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल की ओर से आयोजित दो दिवसीय 20 वे वार्षिक सामूहिक हनुमान चालीसा अखंड पाठ का हवन यज्ञ के साथ समापन हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान कृष्ण एवं राधा रानी के दरबार के सेवक गौरव राजवंशी चीनू भैया, वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, समाजसेवी महेंद्र कुमार वर्मा, विश्वास अग्रवाल को सम्मानित किया गया। संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के संस्थापक महंत राहुल अग्रवाल तथा अनंत श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला के संस्थापक आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र भारद्वाज , श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के संरक्षक जगदीश लाल अरोड़ा, अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा, महामंत्री सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार रस्तोगी, संगठन मंत्री प्रीतम सैनी के निर्देशन में



कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में हनुमान चालीसा का निरंतर पाठ करते हुए भगवान राम एवं उनके अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम के प्रभारी निखिल अरोड़ा, नानू अरोड़ा के निर्देशन में भजन गाने वालों में दिनेश कुमार राणा, नंदकिशोर रस्तौगी, सर्वेश कुमार गिरि, सतीश रस्तोगी, प्रवेश कुमार मिश्रा, संदीप भारद्वाज, संजय अग्रवाल, महंत मोती लाल शर्मा, पंडित पारस पुष्पक आदि शामिल रहे। इस अवसर पर आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र भारद्वाज ने बताया कि धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल प्रत्येक शनिवार पर सनातन परिवारों में नि:स्वार्थ और नि:शुल्क रूप में सात बार हनुमान चालीसा का पाठ करने के साथ ही भजनों का कार्यक्रम आयोजित करता है।

# पुरानी पाठ्य पुस्तक से बनाकर भेज दिया कक्षा 3 हिंदी का पेपर

**बिजनौर (चिंगारी)।** नकल को भी अकल चाहिए। बेसिक शिक्षा विभाग में यह कहावत चरितार्थ हो रही है। कक्षा तीन वार्षिक परीक्षा के हिंदी प्रश्न-पत्र में पिछले साल पढ़ाई गई पाठ्य पुस्तक 'पंखुड़ी' के प्रश्न भेज दिये गये। जबकि अब एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तक वीणा पढ़ाई जा रही है। वीणा से प्रश्न-पत्र नहीं आने से शिक्षक भी हैरान हैं। शिक्षकों ने प्रश्न-पत्र में बरती गई अनियमितता पर कार्यवाही की मांग की है।

परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में चल रही वार्षिक परीक्षा इस बार मखौल बनकर रह गई। शिक्षा विभाग द्वारा समय से प्रश्न-पत्र नहीं पहुंचने से शिक्षक परेशान रहे। वहीं अब कक्षा तीन की वार्षिक परीक्षा का प्रश्न-पत्र देखकर जिले के शिक्षक हैरान हैं। शिक्षा सत्र 2025-26 में परिषदीय स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तक उपलब्ध कराई गई थी। कक्षा तीन में हिंदी विषय की एनसीईआरटी की पुस्तक वीणा पढ़ाई जा रही है। जबकि शिक्षा सत्र 2024-25 में हिंदी कक्षा 3 में हिंदी की पाठ्य पुस्तक पंखुड़ी पढ़ाई जाती थी। मजेदार बात यह है की वार्षिक परीक्षा में कक्षा तीन हिंदी विषय के प्रश्न-पत्र में सारे सवाल पंखुड़ी पाठ्य पुस्तक के भेज दिए गए। हालांकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार


वार्षिक परीक्षा 2025-26 BI

समय - 2 घंटा कक्षा-3 विषय - हिन्दी पूर्णांक 25+25=50

10x1=10

कसाना सभी स्कूलों को प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराने के दावे करते रहे, लेकिन जिले के अनेक विद्यालय ऐसे भी रहे जिन्हें प्रश्न-पत्र नहीं मिले तथा ब्लैक बोर्ड पर ही प्रश्न-पत्र उतारने को शिक्षक मजबूर हो गए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने प्रश्न-पत्रों के प्रशासन से बढ़ती गई अनियमितता की जांच करने की मांग की है। उन्होंने प्रश्न-पत्र प्रकाशित करने वाली फर्म के खिलाफ भी कार्यवाही करने को कहा है।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान

पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

उन्नीसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:31, शिया 6:40
तीसवां रोजा : शुक्रवार, 20 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:57, शिया-4:51

## लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम ने की ऐसी पैरवी, युवती हत्या के आरोप से हुई बरी

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत कार्य कर रही लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान कर जरूरतमंदों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम की पैरवी से हत्या के आरोप में निरुद्ध युवती को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार चांदनी पुत्री गुफरान अक्टूबर 2024 से जिला कारागार बिजनौर में बंद थी। उस पर हत्या का आरोप था। मामला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अशोक भारतेंदु (जीएचजेएस) की अदालत में विचाराधीन था। इस मामले में चीफ डिफेंस काउंसिल प्रवीण सिंह देशवाल द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान करते हुए प्रभावी पैरवी की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को न्यायालय ने पर्याप्त नहीं माना और आरोपों को संदेह से परे सिद्ध नहीं पाया। बचाव पक्ष की ओर से प्रस्तुत ठोस तर्कों को ध्यान में रखते हुए न्यायाधीश ने आरोपी चांदनी को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया। जनपद में चीफ डिफेंस काउंसिल प्रवीण सिंह देशवाल के नेतृत्व में डिप्टी चीफ नवीन राजपूत, असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल कमाल अजीम एवं महिमा भटनागर की टीम लगातार पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करा रही है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को भी न्याय मिलना संभव हो रहा है। स्थानीय स्तर पर इस पहल की सराहना की जा रही है।

## अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में शराब पीते मिले तीमारदार

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में तीमारदारों द्वारा खुलेआम शराब पीने की घटना सामने आयी है। शराब पीते हुए पकड़े जाने पर ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोप है कि तीमारदारों ने स्टाफ के साथ गाली-गलौज करते हुए बाहर मिलने पर मारपीट की धमकी दी। बताया जाता है कि वार्ड में मरीजों की दवाइयों की रैक में शराब के पव्वे भी रखे मिले, जिससे अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल स्टाफ का कहना है कि उन्होंने तीमारदारों को शराब पीने से मना किया, लेकिन इसके बदले उन्हें अभद्रता और धमकियों का सामना करना पड़ा। यह घटना जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन पर गंभीर सवाल उठाती है। देखना होगा कि अस्पताल प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## ओवरलोडेड वाहनों पर परिवहन विभाग बरत रहा सख्ती, 764 वाहन सीज

**बिजनौर (चिंगारी)।** ओवर लोडेड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। लगातार बढ़ती लापरवाही और सड़क हादसों के खतरों को देखते हुए विभाग ने व्यापक स्तर पर चैकिंग अभियान चलाया, जिसके तहत अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 764 वाहनों को सीज किया गया, जबकि 1082 वाहनों के चालान काटे गए।

**1082 का चालान, 326.52 लाख का राजस्व वसूला**

एआरटीओ प्रवर्तन गौरीशंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि हाईवे और प्रमुख मार्गों पर वाहनों द्वारा तय मानकों की अनदेखी लगातार सामने आ रही थी। ओवर लोडिंग के चलते न केवल सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही थीं, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ रही थी। ऐसे में विभाग ने अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की।

अभियान के दौरान ओवरलोड पाए गए वाहनों से अतिरिक्त माल उतरवाकर जब्त किया गया। इसके साथ ही संबंधित वाहन चालकों और मालिकों पर आर्थिक दंड भी लगाया गया। विभाग ने करीब 326.52 लाख रुपये का राजस्व वसूला। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, कई वाहन चालक नियमों को नजरअंदाज कर अधिक मुनाफे के लालच में वाहनों में निर्धारित क्षमता से ज्यादा माल भरकर सड़कों पर उतर रहे थे। यह न सिर्फ यातायात व्यवस्था के लिए चुनौती बन रहा था, बल्कि अन्य राहगीरों की जान के लिए भी खतरा पैदा कर रहा था।

एआरटीओ प्रवर्तन गौरीशंकर ठाकुर का कहना है कि आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा। हाईवे सहित जिले के प्रमुख मार्गों पर नियमित चैकिंग की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और निर्धारित मानकों के अनुसार ही वाहनों का संचालन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जलीलपुर ब्लॉक के 23 छात्रों का चयन

**चांदपुर (चिंगारी)।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के घोषित परीक्षा परिणाम में 80 में से ब्लॉक जलीलपुर से 23 छात्र चयनित हुए। छात्रों का चयन होने से उनके अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है। खंड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि ब्लॉक जलीलपुर की छात्रा चारुल ने पांचवां स्थान प्राप्त किया।

## मांस की दुकानों को बंद कराने की मांग

**चांदपुर (चिंगारी)।** पीपुल फॉर एनिमल्स के जिला यूनिट प्रमुख वीरेन्द्र राजपूत ने नवरात्रों को ध्यान में रखते हुए मांस की दुकानें व होटल बन्द कराये जाने की जिला प्रशासन से मांग की। जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में वीरेन्द्र राजपूत ने कहा है कि गुरुवार से सनातन धर्म के पावन पर्व नवरात्रे शुरू हो गये हैं, जिसको देखते हुए जनपद बिजनौर की सभी मांस की दुकानें व होटल बन्द कराये जाएं, ताकि हिन्दू समाज की भावनाएं आहत न हो।

## तरुण हत्याकांड के विरोध में खटीक समाज उतरा सड़कों पर

### कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तम नगर (दिल्ली) निवासी तरुण खटीक की हत्या के विरोध में अखिल भारतीय खटीक समाज ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर मौन जुलूस निकालकर आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग उठाई।

अखिल भारतीय खटीक समाज के बैनर तले जिलेभर से बड़ी संख्या में लोग नगर पालिका स्थित ऐजाज अली हाल पार्क में एकत्रित हुए। जिलाध्यक्ष सुनील पाल मनोहरिया, भाजपा नेत्री डॉ. रचनापाल खटीक, युवा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर खटीक, विनोद धारीवाल और नितिन खटीक के नेतृत्व में मौन जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर पालिका चौक, डाकखाना चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड, विकास भवन और एसपी कार्यालय होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाज के लोगों ने नारेबाजी करते हुए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर उन्हें फांसी की सजा दिलाने, उनकी चल-अचल संपत्ति कुर्क करने और बुलडोजर कार्रवाई करने की मांग शामिल है।




ज्ञापन सौंपने वालों में शम्मीपाल खटीक, अनिल खटीक, रामभरोसे खटीक, रामगोपाल खटीक, वीरेंद्र खटीक, रघुनाथ खटीक, राजू खटीक, शिवम खटीक, आदित्य खटीक, अक्षय खटीक, कृष्ण कुमार, कुणाल और मोहित कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# विदुर के नाम पर करोड़ों का कारोबार

## विदुरकुटी पर गंदगी के अंबार



**विशेष संवाददाता**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महाभारतकालीन ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का स्थल विदुरकुटी आज बदहाली और उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। सरकार द्वारा इसे देश के स्वच्छ एवं आइकॉनिक स्थलों में शामिल किए जाने के बावजूद जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत नजर आ रही है।





संवाददाता द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि पूरे परिसर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त दिखाई दी। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए बनाए गए शौचालय जर्जर अवस्था में पड़े हैं, जिनका उपयोग करना भी मुश्किल है। पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी गंभीर अभाव बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर जनपद में विदुर के नाम पर चाय से लेकर स्कूटर तक का करोड़ों रुपये का कारोबार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उनकी तपस्थली विदुरकुटी की इस तरह अनदेखी किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

गौरतलब है कि इस स्थल का प्रबंधन एक प्रशासनिक समिति के अधीन है, इसके बावजूद व्यवस्थाएं बदहाल बनी हुई हैं। श्रद्धालुओं में इस स्थिति को लेकर भारी रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो यह ऐतिहासिक धरोहर अपनी पहचान खो सकती है।

विदुरकुटी की नियमित साफ-सफाई, शौचालयों की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं को तत्काल दुरुस्त किया जाए, ताकि यह पावन स्थल अपनी गरिमा के अनुरूप विकसित हो सके।






## जानकीपुरम में बंद मकान में लाखों की चोरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर के जानकीपुरम कॉलोनी में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, अवनीश कुमार, जो वर्तमान में सीआरपीएफ में वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी पर दिल्ली में तैनात हैं, अपने परिवार के साथ वहीं रहते हैं। उनका मकान बिजनौर की जानकीपुरम कॉलोनी में स्थित है, जिसमें दो किराएदार रह रहे थे। बताया गया कि बीती रात दोनों किराएदार डॉ. राजीव कुमार, जो विवेक अस्पताल में कार्यरत हैं, और वर्षा रानी अपने-अपने जरूरी कार्य से बाहर गए हुए थे। मकान में कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों ने मेन गेट और अंदर के ताले तोड़कर घर में प्रवेश कर लिया। चोरों ने डॉ. राजीव कुमार के हिस्से से करीब 50 हजार रुपये नकद, लगभग 70 ग्राम सोना और 250 ग्राम चांदी चोरी कर ली। वहीं, वर्षा रानी के घर से करीब 50 हजार रुपये नकद और 50 ग्राम चांदी पर हाथ साफ किया। मकान के एक कमरे में अवनीश कुमार का भी सामान रखा हुआ था, लेकिन उसमें कोई कीमती आभूषण न होने के कारण चोरों को कुछ नहीं मिला। हालांकि, कमरे का सामान बिखरा हुआ मिला।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



ATHER

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ अक्षर संस्था का वार्षिक उत्सव

**क्षेत्र की अनेक प्रतिभाओं को भी किया गया सम्मानित**

## संस्था के अभियान 'एक रुपया प्रतिदिन देश के नाम' के अंतर्गत अब तक कुल 36.56 लख रुपए भेजे जा चुके हैं



**धामपुर ( चिंगारी )। अक्षर संस्था द्वारा राष्ट्रीय हित में चलाए जा रहे अभियान 'एक रुपया प्रतिदिन देश के नाम' के अंतर्गत इस वर्ष दो लाख रुपए का ड्राफ्ट पीएम रिलीफ फंड हेतु भेजा गया। अक्षर संस्था अब तक कुल 36 लाख 56 हजार रूपए इस कोष में भेज चुकी है ।**


बीती रात स्थानीय शुभम मंडप में संस्था द्वारा आयोजित अपने वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अशोक राणा ने इस अभियान को राष्ट्रीय भावना के लिए प्रेरक प्रयास बताते हुए, जनसहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता सूर्यमणि रघुवंशी ने धामपुर नगर को सांस्कृतिक शहर बताते हुए, यहां किये जा रहे बहुआयामी लेकिन रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए इन्हें प्रेरक बताया। मंचासीन अन्य अतिथि डॉ. एनपी सिंह, डॉ. आदित्य अग्रवाल, दीपक अग्रवाल ने भी अभियान को सराहनीय बताया। अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने की और संचालन अभियान संयोजक सत्यराज एवं नाट्यकर्मी पवन संगम ने किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित विशिष्ट महिलाओं ज्योति राणा, नीरजा सिंह, सुचि शर्मा, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. मोनिका अग्रवाल आदि ने दीप प्रज्वलित किया।

### अक्षर युगल दम्पति सम्मान



डॉ. आदित्य अग्रवाल
डॉ. मोनिका अग्रवाल



श्री शरदचन्द्र शर्मा
श्रीमती शुचि शर्मा

कार्यक्रम के प्रथम चरण में नगर क्षेत्र के विशिष्ट युगल दंपति डॉ. लोकेंद्र चौहान एवं डॉ. रश्मि चौहान, डॉ. एनपी सिंह एवं डॉ. शिखा सिंह, डॉ. आदित्य अग्रवाल एवं डॉ. मोनिका अग्रवाल के अलावा शेरकोट निवासी शरदचंद शर्मा और शुचि शर्मा को आदर्श युगल अक्षर सम्मान प्रदान किए गए। इसी क्रम में डॉ. एस.पी. सक्सेना (मरणोपरांत) और डॉ. आर.के. वर्मा को चिकित्सा क्षेत्र में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। धर्म क्षेत्र में सुशील कुमार पचरंगी और पंकज भटनागर को धर्मपुत्र अक्षर सम्मान मिला। नाट्य क्षेत्र में डॉक्टर राजेंद्र चौधरी, पवन संगम और इंतजार शेख (बिजनौर) के अलावा गुलफाम अहमद को संगीत क्षेत्र में और कोरियोग्राफर रोमियो मयूर को नृत्य प्रशिक्षक क्षेत्र में अक्षर सम्मान प्रदान किए गए।

कवियत्री शुचि शर्मा ने सारगर्भित कविताएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में अभियान से जुड़े सैकड़ो लोगों ने भागीदारी की।



डॉ. लोकेन्द्र चौहान
डॉ. रश्मि चौहान



डॉ. एन.पी. सिंह
डॉ. शिखा सिंह

### अक्षर सम्मान



श्री सुशील कुमार पचरंगी



श्री राजेन्द्र चौधरी



डॉ. आर.के. वर्मा



डॉ. एस.पी. सक्सेना



श्री पवन संगम



श्री पंकज भटनागर



श्री गुलफाम अहमद



श्री इन्तजार शेख उर्फ बुन्दू

## नगीना बार का चुनाव कार्यक्रम घोषित, 9 अप्रैल को होगा मतदान

**नगीना ( चिंगारी )।** वर्ष 2026 के लिए बार एसोसिएशन नगीना की कार्यकारिणी के चुनाव के लिए मतदान नौ अप्रैल को होगा, जबकि उसी दिन मतगणना व परिणाम घोषित होगा। एल्डर कमेटी बार एसोसिएशन नगीना के चेयरमैन जय किशन शर्मा एडवोकेट द्वारा वर्ष 2026 की चुनाव प्रक्रिया के लिए जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि 18 मार्च बुधवार को निर्वाचन में भाग लेने वाले सदस्यों की सूची की अंतिम सूची का प्रकाशन दोपहर तीन कर दिया गया था। 23 मार्च को योग्य सदस्यों की सूची पर आपत्ति दोपहर 12 बजे तक होगी। 24 मार्च शाम चार बजे योग्य सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। 25 मार्च को वर्ष 2026 की कार्यकारणी के पदाधिकारी एवं सदस्य के पद हेतु नामांकन-पत्रों के प्रस्तुतीकरण का प्रथम दिन दोपहर दो बजे तक होगा। 27 मार्च को प्रस्तुतीकरण का द्वितीय दिन व 28 मार्च को प्रस्तुतीकरण का तृतीय दिन दोपहर दो बजे तक होगा। 30 मार्च को नामांकन पत्र की जांच दोपहर 12 बजे से होने के बाद प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन शाम चार बजे होगा। एक अप्रैल को नामांकन-पत्रों पर आपत्ति दोपहर 12 बजे तक तथा उसका निस्तारण दोपहर दो बजे तक होगा। दो अप्रैल को नामांकन-पत्रों की वापसी का समय सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक प्रथम दिन होगा। तीन अप्रैल को नामांकन-पत्रों की वापसी का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर दो बजे तक अंतिम दिन प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन शाम चार बजे होगा। नौ अप्रैल को मतदान प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के बाद दोपहर 2:30 बजे से मतगणना व परिणामों की घोषणा होगी।

# गैस सिलेण्डर न मिलने से जन-जीवन प्रभावित

## चाय की दुकानें बंद

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर में दो गैस ऐजेंसी हैं लेकिन ऐसे में भी गैस सिलेंडर न मिलने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। कोई भी कुछ भी दावे करे, लेकिन गैस ऐजेंसियों पर भीड़ इस बात की गवाही खुद दे रही है कि गैस की समस्या से आम आदमी परेशान हो उठा है । गैस की समस्या ने चाय प्रेमियो को परेशान कर दिया है। नगर मे दर्जनों चाय की दुकान हैं, लेकिन गैस सिलेंडर न मिलने से चाय बनाने वालों ने चाय बनाना बंद कर दिया है जिससे उनके रोजगार पर भी असर पड़ रहा है । कही कही तो कोरोना के समय लाकडाउन जैसे हालात हो गये है । नाम न छापने की शर्त पर दुकानदारों ने बताया कि गैस 45 दिन में बुक हो रही है जिससे सिलेंडर मिलने मे परेशानी हो रही है। हलवाइयों की दुकान पर भी हालात खराब हो चुके हैं। गैस सिलेंडर न मिलने के कारण कुछ मिष्ठान भंडार वालों ने फिर से कोयले



की भट्टी चलाना शुरू कर दिया है और कुछ लोगों ने मिठाई बनाना ही बंद कर दिया है। खाने के होटलों पर भी लोगों को खाना न मिलने से परेशानी उठानी पड़ रही है । ऐसे में गैस ऐजेंसी पर भीड़ देखकर ही अंजादा लगाया जा सकता है कि आम आदमी को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नेता नगरी को ऐजेंसी स्वमी व कर्मचारी तबज्जो दे रहे हों और उनके घरों मे सिलेंडर पहुचा रहे हैं, लेकिन आम आदमी की स्थिति यह हो गयी है कि सब काम धंधे छोड़कर वह सिर्फ गैस सिलेंडर की लाइन मे लगा है।

## ओटीपी आयेगी, तब गैस मिलेगी-संदीप

**नगर के पुरानी इंडेन गैस ऐजेंसी के प्रबंधक संदीप शर्मा से जब जानकारी की गयी तो उन्होंने गैस कनेक्शन की संख्या बताने को मना कर दिया और कहा कि ओटीपी आएगा तो गैस मिलेगी, गैस भरपूर है। ओटीपी आने मे जो समस्या है, उसका समाधान कम्पनी कर रही हैं।**

## गैस बुक कराने में आ रही समस्या का कोई समाधान नहीं

*गैस बुकिंग कराने मे भी परेशानी आ रही है जो नम्बर गैस बुकिंग के लिए जारी किया गया है वह नही लग रहा है। व्यापारी शेखर ने बताया कि उसके पिता के नाम गैस कनेक्शन था, वह पिता कि मृत्यु के उपरांत माता के नाम पर कराना चाहता है। सारी प्रक्रिया पूर्ण होने पर भी उसे गैंस किताब नही दी गयी। उसके घर गैस सिलेंडर खत्म होने को है, जिससे उसके सामने खाने का संकट आ सकता है। कुछ लोगों ने आनलाइन रकम जमाकर गैस बाउचर बनवाना चाहा तो कुछ का तो बना लेकिन फिर सरवर डाउन हो गये। ऐसी स्थिति मे लोगों को परेशनी का सामना करना पड़ रहा है।*

## गैस की कोई कमी नहीं-मुजीब

*तेज इंडेन गैस ऐजेंसी के प्रबंधक मुजीब अहमद ने बताया कि उनके यहां लगभग 9540 कनेक्शन एक्टिवेट हैं जिन्हे नियमानुसार गैस सप्लाई की जा रही है। लगभग 1 हजार गैस कनेक्शन ऐसे हैं जिनकी केवाईसी नही है उनमें कुछ उज्जवला योजना के भी है। इस कारण समस्या आ रही है । गैस की कोई कमी नही है । नियमानुसार सभी को गैस दी जा रही है।*

## मानव सचदेवा को सभासद नामित होने पर बधाई दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पंजाबी सभा बिजनौर की एक आवश्यक सभा रामकृष्णा मंदिर सिविल लाइन बिजनौर में सदानन्द खेड़ा की अध्यक्षता में राजीव अरोड़ा के संचालन में सम्पन्न हुई। सभा में सभा के महामंत्री मानव सचदेवा के नगर पालिका के सभासद पद पर मनोनीत होने पर उन्हें बधाई देते हुए हाईकमान का आभार व्यक्त किया गया। संरक्षक सुरेन्द्र कुमार कपूर व अध्यक्ष अनिल गंभीर ने मानव सचदेवा को योग्य अनुभवी, परिश्रमी व कार्यकुशल योग्य व्यक्ति बताया।



## डा. हेडगेवार और झूलेलाल की जयंती मनाई श्रद्धापूर्वक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** यहां स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में डॉ. केशवराव बालिराम हेडगेवार एवं झूलेलाल की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने हेडगेवार जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि डॉ. हेडगेवार

डॉ. हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित करता विद्यालय परिवार।



का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोना था। इसी संकल्प के साथ उन्होंने वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की और अपने चिकित्सकीय पेशे को त्यागकर पूर्णकालिक रूप से संघ कार्य में जुट गए। साथ ही झूलेलाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उनका जन्म सिंध प्रांत में हुआ था और उन्होंने वहां हिंदू समाज की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ओमकार सिंह ने डॉ. हेडगेवार के जीवन व उनके कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं में संध्या, आराध्या, प्रीति, अंश, काव्या एवं छवि ने हेडगेवार जी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। इस मौके पर मनोज शर्मा, अनिल कुमार, राजीव कुमार गुप्ता, आनंद भूषण यादव, वीरेंद्र कुमार, उमेश कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र चांद कुमार 20 वर्ष जो गलत संगत में पड़ गया हैं। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करता हैं। मेरा व मेरे परिवार का समझाया भी नहीं मानता। इसलिये मैं और मेरा परिवार उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करता हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **विजयपाल पुत्र राम किशन, निवासी-ग्राम ढेला अहीर, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )।**

## फैमिली डेंटल केयर पर दांतों का फ्री चैकअप

**बिजनौर ( चिंगारी )। यहां सिविल लाइन्स में रविन्द्र होटल के पास स्थित फैमिली डेंटल केयर पर नवरात्रों के शुभ अवसर पर दांतों का फ्री चैकअप किया जा रहा है। डा. हिमांशु राठी ( डेंटल सर्जन ) ने बताया कि 19 मार्च से 26 मार्च तक यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। मालूम हो कि डा. हिमांशु राठी द्वारा प्रत्येक त्यौहारों के अवसर पर दांतों के फ्री चैकअप की सुविध प्रदान करते हैं।**

## फ़रार चल रहा हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव कासमाबाद में पिछले दिनों रविदास जयंती जुलूस में करतब दिखाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इसमें एक पक्ष का रूप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका मेरठ के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में रूप सिंह की पत्नी नीतू देवी की तहरीर पर अंशु, पुष्पेंद्र व महिपाल सिंह निवासी गांव पोटा थाना नूरपुर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने दो आरोपियों को अंशु व महीपाल को पहले ही जेल भी भेज दिया था। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि अब फरार चल रहे पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

## टीईटी के विरोध में 4 अप्रैल को शिक्षक करेंगे दिल्ली कूच

### 'टफी' की बैठक में तैयार की गई रणनीति, सौंपी जिम्मेदारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (टफी) की बैठक में टेट की अनिवार्यता के खिलाफ 4 अप्रैल को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ तथा जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियो को ब्लॉकवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में टफी के जिला संयोजक भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता असंवैधानिक है।

टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की संयुक्त बैठक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में जिला संयोजक भूपेंद्र कुमार चौहान की अध्यक्षता व जिला मंत्री प्रशांत सिंह के संचालन में आयोजित की गई। टफी के संयोजक भूपेंद्र कुमार चौहान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने टेट की अनिवार्यता को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट लागू नहीं



किया जाना चाहिए। उन्होंने टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के से जुड़े सभी संगठनों से आह्वान किया कि प्रस्तावित कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार यादव ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने कहा कि टफी के सभी संगठन अपने-अपने स्तर से ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर ले। जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने कहा कि एक जुटता में शक्ति है। इस मौके पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षा संघ के जिला महामंत्री राहुल कुमार राठी, शमीम अहमद, परविंदर रायसान, तरुण गुप्ता, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष असीम चौहान, संगठन मंत्री विपिन कुमार शर्मा ,ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी ,गर्वित चौधरी, नितिन चौहान नवनीत चौहान, अमरदीप सिंह, संजय कुमार हितेश चौहान डायरेक्टर चंद्रपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, ताजवीर सिंह देवरा, मंत्री धर्म सिंह ,अमित चौहान, मुनिश चौहान, गिरीश कुमार आदि ने भी विचार रखें।

# फ्लाईओवर में जीना ना बनाये जाने के मामले में मानवाधिकार आयोग ने दी चेतावनी



नजीबाबाद ( चिंगारी )। रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज मे जीने का निर्माण ना कराए जाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कार्रवाई की चेतावनी दी है। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेलवे क्रॉसिंग संख्या-480 व 484 पर पैसा उपलब्ध होने के बावजूद निगम द्वारा जीना ना बनाए जाने के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को बीते वर्ष अवगत कराया था, जिस पर आयोग द्वारा पूर्व में संबंधित विभाग को नोटिस जारी किया गया था। मगर विभाग द्वारा इस संबंध में आयोग को कोई जवाब नहीं दिया गया। मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के प्रमुख सचिव को पुन ऑनलाइन माध्यम से एक अंतिम रिमाइंडर जारी किया जाए। जिसमें उनसे 4 सप्ताह के भीतर कमीशन को की गई कार्रवाई की जरूरी रिपोर्ट सौंपने को कहा जाए, अन्यथा ऐसा न करने पर कमीशन को मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 13 लागू करने के लिए विवश होना पड़ेगा। पूर्व में रेलवे लिखित में बता चुका है कि जीने के अभाव में कई लोगों की जान चली गई है, क्योंकि आमजन को रेलवे लाइन क्रॉस कर एक ओर से दूसरी ओर जाना पड़ता है।

# लो रुख़सत हुआ ये मुबारक महीना

कहीं विर्द कुरआन की आयतों का
कहीं जिक्र अल्लाह की रहमतों का
कहीं रतजगे जगे हैं कहीं पर शबीना
लो रुखसत हुआ ये मुबारक महीना
इबादत में रातें गुजरती थीं सबकी
हर इक सिम्त रहमत बरसती थी रब की
कि पुरनूर ईमां से था सब का सीना
लो रुखसत हुआ ये मुबारक महीना
गई माहे रमजां की पुर नूर रातें
वो मसहूर रातें, वो मखमूर रातें
चमकते थे दिल जैसे कोई नगीना
लो रुखसत हुआ ये मुबारक महीना
तरावीहों रोजों का इनआम देकर
शकेब्रो कनाअत का पेग़ाम देकर
सिखाकर इबात का सब को करीना
लो रुखसत हुआ ये मुबारक महीना
शबो रोज रमजान की साअतों से
महकते थे इमान की साआतो से
था दरया-ए-रहमत दिल का सफीना
लो रुखसत हुआ ये मुबारक महीना
कदम मस्जिदों की तरफ जा रहे थे
नमाजी सफी सफ बसफ जा रहे थे
कि रातों को ख्वाबों में आया मदीना
लो रुखसत हुआ ये मुबारक महीना
इबादत में मसरुफ थे सब नमाजी
कि थी रह सरशार अल्लाह राज़ी
इसी माह मरना इसी माह जीना
लो रुखसत हुआ ये मुबारक महीना



-शनावर किरतपुरी
रज़िया महल, किरतपुर
मो. 9917444800

# मेधावी छात्र-छात्राओं को बिजनौर गौरव सम्मान से सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री तारा सिंह यादव स्मृति संस्थान नजीबाबाद की ओर से सम्मान समारोह एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. बेगराज सिंह ने अपने पिता की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए बिजनौर गौरव सम्मान एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्व. श्री तारा सिंह यादव की पुण्यतिथि पर स्मृति संस्थान नजीबाबाद की ओर से लाला मग्घूशरण सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, नजीबाबाद में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थापक डॉ. बेगराज सिंह एवं उनके परिवार की ओर से शिक्षा-साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए क्षेत्रीय विभूतियां को बिजनौर गौरव सम्मान प्रदान किया गया। गीतकार व चित्रकार इन्द्रदेव भारती की अध्यक्षता एवं डॉ. बेगराज सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शोभित शर्मा, केन्द्र निर्देशक आकाशवाणी नजीबाबाद, विशिष्ट अतिथि राजीव अग्रवाल ने शिक्षाविद् डॉ. एलएस बिष्ट, शिक्षाविद् व कवयित्री डॉ. अंजू बंसल, कवि डॉ. प्रमोद शर्मा प्रेम, शायर डॉ0 मौहम्मद तय्यब जमाल, पत्रकार विश्वास द्विवेदी, कवयित्री प्राची शर्मा को बिजनौर गौरव सम्मान के रूप में प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान किया। इस मौके पर जितेंद्र कक्कड़, डॉ. वर्षा अग्रवाल, कर्मवीर सिंह, नीमा शर्मा, फूलमाला मंजू मधुर, जयप्रकाश टांक जौली, राजेश मिश्रा राजू,, अशोक सविता, अजय जौहरी ने काव्य पाठ किया। मुख्य अतिथि शोभित शर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में सिर्फ प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं बल्कि दूसरे लोगों के लिये प्रेरणा स्त्रोत भी बनते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष इंद्रदेव भारती ने कहा कि कविता गद्य में लिखी हो या पद्य में उसके भाव महत्व रखते हैं। उन्होंने काव्य लेखन की बारीकियों को समझाया व फिल्मी गानों की पैरोडी से बचने को कहा। अशोक कुमार ने सभी की रचनाओं की बहुत ही अच्छी समीक्षा की। डॉ. अनिल यादव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी अपने विचार रखें।



## सतीश सेंगर की ईद पर लांच होने जा रही मूवी लालच मचाएगी धूम

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के आदर्शनगर निवासी प्रसिद्ध कलाकार सतीश सेंगर की ईद के मौके पर एक और मूवी लालच जल्दी ही लांच होने जा रही है। टीवी सीरियल शक्तिमान में शानदार अभिनय करने वाले कलाकार सतीश सेंगर की यह मूवी लालच एक लालची आदमी की कहानी है। इस मूवी में एक आदमी लालच में पड़कर अपना पैसा, परिवार, बीवी व बच्चे सबकुछ खो देता है, इसके बाद लालच में फंसे इस आदमी को एक आदमी फरिश्ते के रूप में मिलता है, जो इस आदमी को सही रास्ते पर चलने व लालच बुरी बला के बारे में बताता है, इसके बाद लालच में फंसकर बर्बाद हुआ यह व्यक्ति एक बार फिर धीरे-धीरे अपनी मेहनत व सही राह पर चलकर सबकुछ हासिल कर लेता है। इस मूवी की कहानी से सीख मिलती है कि लालच में ना पड़े। यह मूवी खासकर ईद के दिन 21 मार्च को जीशान अली के यूट्यूब चैनल पर लांच होने जा रही है। इस मूवी के निर्देशक एवं निर्माता जीशान अली, सहायक निदेशक आयशा नाज, आर्टिस्ट-सतीश सेंगर, साहिल मकरानी, जमशेद खान व मनीष धीमान है। ईद के मौके पर लांच होने वाली लालच मूवी काफी धूम मचाने की संभावना है।




## बसपा नेता की पुत्री अदिति ने जिले में आठवीं रैंक लाकर नाम रोशन किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी व मौहल्ला रम्पुरा रविदास बस्ती निवासी नरेंद्र कुमार रवि की पुत्री अदिति ने जवाहर नवोदय विद्यालय की 2026 की परीक्षा में जिले में आठवीं रैंक लाकर अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। अदिति ने नर्सरी में मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था। कक्षा एक से पांचवी क्लास तक एमडीकेवी में भी अदिति मेधावी छात्रा रही है। जवाहर नवोदय विघालय के लिए उसने 5 वीं की पढाई के साथ अनुभव क्लासेस में कोचिंग की। उसने कक्षा-6 के लिए सन 2026 में जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा दी। जिसमें अदिति ने जिले में आठवीं रैंक लाकर माता-पिता व गुरुजनो का नाम रोशन किया है। इस अवसर बसपा जिलाध्यक्ष डीपी सिहं रवि ने घर पहुंचकर उसे आर्शीवाद दिया। उनके शुभचिंतको व अनुभव क्लासेस के संचालक अक्षय कुमार, ललिता, अरनव, चित्रा कुमारी, राकेश, केलो देवी आदि ने भी बच्ची को बधाई व आर्शीवाद दिया। अदिति आईएएस0 बनकर समाज व देश का नाम रोशन करना चाहती है।





# चांदपुर का मां काली मंदिर ..जहां पांडव सेना भी करती थी पूजा

मु. अजमल





**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर में बिजनौर बाईपास रोड स्थित महाभारत कालीन मां काली का मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। मंदिर परिसर में खड़ा विशाल वट वृक्ष मंदिर की प्राचीनता को दर्शाता है। बताया जाता है कि इस मंदिर में पांडव सेना पूजा अर्चना करने के लिए आती थी।

## ग्राम सैंदवार स्याऊ क्षेत्र में रहता था पांडव सेना का पडाव

*ग्राम सैंदवार निवासी दिनेश कुमार जैन साहब बताते है कि पांडव सेना का पडाव सैंदवार स्याऊ क्षेत्र में होता था। ग्राम सैंदवार में गुरु द्रोणाचार्य सेना को प्रशिक्षक करते थे। गांव में द्रोण स्थल व गुरु द्रोणाचार्य की प्रतिमा भी स्थापित है। वे बताते हैं कि पांडव सेना चांदपुर स्थित मां काली के मंदिर में पूजा अर्चना करती थी।*

## 26 मार्च तक होगी कृष्ण लीला व देवी लीला

*नृत्य नाटिका टीवी कलाकारों सौरभ द्विवेदी व आयुष जी महाराज द्वारा 19 मार्च से 26 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 7.30 से बड़े मंच पर कृष्ण लीला व देवी लीला की जाएगी। 26 मार्च को दिन के समय अष्टमी मेला व हवन और रात्रि में देवी उत्पत्ति और श्याम सगाई होली का भव्य आयोजन किया जाएगा। 27मार्च को दिन के समय नवमी मेला, शाम को महाआरती व आरती के उपरांत छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया जाएगा।*

## नवरात्रों में रहता है श्रद्धालुओं का जमावड़ा

*चैत्रीय नवरात्रों को देखते हुए नगर के बिजनौर रोड स्थित प्राचीन देवी मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है।चैत्रीय नवरात्रो पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु देवी मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर माता के सामने माथा टेकते है।ऐसी मान्यता है कि यहां मांगे जाने वाली मन्नत माता अवश्य पूरी करती है।*

चैत्र मास के नवरात्रों के साथ साथ अन्य दिनों में भी जनपद ही नहीं आसपास के जनपदों से हजारों श्रद्धालु व नवदम्पत्ति जोड़े मंदिर में आकर पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते है। दान धर्म प्रचारणी मंदिर सुधार समिति के अध्यक्ष मोहित कुमार अग्रवाल बताते हैं कि प्राचीन काल में पांडव व उनकी सेना मंदिर में आकर मां काली की पूजा अर्चना करते थे। मंदिर परिसर में मां काली के सामने मां दुर्गा का मठ है। मंदिर परिसर में मां संतोषी का विशाल मंदिर, शिव परिवार, संकट मोचन हनुमान जी की 70 फुट ऊंची विशाल प्रतिमा व शनि देव का मंदिर है।

# मूल्यांकन केन्द्र पर भी हो हा कैशलेस चिकित्सा को लेकर विरोध



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से वंचित करने पर विरोध बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन केंद्र तक पहुंच गया। बिजनौर में आर जे पी इंटर कालेज व बी आई सी कालेज के मूल्यांकन केंद्र पर शिक्षणेत्तर व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर कार्य किया। उत्तर प्रदेश सरकार ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों सहित बेसिक शिक्षा के शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों व रसोइयों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने का शासनादेश जारी कर दिया जबकि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को इस सुविधा से वंचित किया गया है। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के आवाहन पर परिषदीय परीक्षा मूल्यांकन केंद्र पर कैसलेस चिकित्सा सुविधा का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी काली पट्टी बांध कर परीक्षा कार्य कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया आर जे पी इंटर कालेज बिजनौर में राजेन्द्र कुमार,अनुराग भारद्वाज,निर्मला यादव, राजेन्द्र कुमार,अनिल कुमार,अवधेश कुमार,अंकुर कुमार,सौरभ,किरन पाल आदि ने काली पट्टी बांध कर परीक्षा कार्य किया। इसके साथ ही बिजनौर इंटर कालेज में भी शिक्षणेत्तर व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर परीक्षा कार्य किया। उन्होंने बताया बिजनौर सहित प्रदेश के सभी जनपदों में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति का विरोध जारी रहेगा।

# 249 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मंगलवार को एक विवाह मंडप में 188 हिंदू व 61 मुस्लिम जोडो की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत रीतिवाज से कराई गयी। विधायक अशोक राणा ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की। इसके बाद शांतिकुंज परिवार से आए पंडित संजीव चौहान कुमार और चारुल सिंह ने विधि-विधान से हिंदू जोड़ों के विवाह संस्कार कराए, जबकि मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी पारंपरिक रीति से संपन्न हुआ। शासन की ओर से सभी नवविवाहित जोड़ों को बर्तन, कपड़े और चांदी की वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की गईं। इस मौके पर धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान और खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में डॉ. विनीत देवरा, एडीओ पंचायत अनिल कुमार, आशीष कुमार, अरुण कुमार गोलू, एडीओ देव कुमार पवार, विकास कुमार, राजवीर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# विवेक विश्वविद्यालय का एम.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा एम.बी.ए. के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणामों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। तनु चौधरी 8.78 एस.जी.पी.ए. प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही मौ. कामरान ने 8.70 एस.जी.पी.ए. के साथ द्वितीय स्थान तथा रिया चैधरी ने 8.59 एस.जी.पी.ए. प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इन मेधावी विद्यार्थियों की सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स के डीन डॉ. सर्वेश कुमार शीतल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके परिश्रम अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम विवेक विश्वविद्यालय के उच्च शैक्षिक स्तर और समर्पित शिक्षण वातावरण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने तथा उनके समग्र विकास के लिए प्रयासरत है।



तनु चौधरी



मौ. कामरान



रिया चौधरी

# गौरैया दिवस पर कृष्णा कालेज में हुई घोसला प्रतियोगिता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा कॉलेज बिजनौर के प्रांगण में विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष्य में गौरैया घोसला निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को प्रकृति और पक्षिओं के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से डा. दीपशिखा अग्रवाल के निर्देशन में घोसला निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वन विभाग के उप विभागीय अधिकारी अंशुमन मित्तल, महाविद्यालय संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ, साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा द्वारा किया गया। उप विभागीय अधिकारी अंशुमन मित्तल जी ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए गौरैया के घोसलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कॉलेज के द्वारा इस प्रकार के कराए गए कार्यक्रम वास्तव में प्रशंसा के योग्य हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गौरैया सबसे प्राचीन पक्षी प्रजातियों में से है। परंतु आज पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, कृषि पद्धतियों में हुए बदलाव व मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडियेशन के कारण आज गौरैया व अन्य पक्षी विलुप्त होने के कगार पर है। महाविद्यालय निदेशक श्री पवन कुमार ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी और बताया की मानव निर्मित घोसले लुप्तप्राय पक्षी प्रजातियों के संरक्षण में मदद कर सकते है। महाविद्यालय के 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक सामग्री जैसे नारियल जूट, बांस, कपास आदि का उपयोग करके चिड़ियों के घोसलें बनाये। एम.एड. के छात्र सत्यम चौधरी व एम.एस.सी. (बॉटनी) की सुमैय्या फातिमा ने प्रथम, बी.एस.सी. (माइक्रोबायोलॉजी) की कीर्ति सिंह व डी.एल.एड. की शिवानी ने द्वितीय तथा एम.एस.सी. जूलॉजी की कनिका व बी.एस.सी. (ऑनर्स) जूलॉजी की पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र सत्यम चैधरी द्वारा किया गया।



# बुढ़नपुर ब्लॉक बैठक में 1.55 करोड़ के विकास प्रस्ताव, पंचायतों में तेज़ होंगे कार्य



**स्योहारा ( चिंगारी )। बुधवार को क्षेत्र पंचायत बुढ़नपुर की बैठक विकास खंड सभागार में आयोजित हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1 करोड़ 55 लाख रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। बैठक में ग्रामीण विकास को गति देने के लिए कई अहम योजनाओं पर चर्चा हुई।**

इस दौरान विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत फिल्टर चैंबर, नाला निर्माण, शौचालय निर्माण व मरम्मत तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्य कराने के प्रस्ताव रखे गए। चिकित्सा विभाग से आए डॉ. बी.के. स्नेही ने संचारी रोग अभियान और टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी दी। शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने मिड डे मील, नि:शुल्क पुस्तक और ड्रेस वितरण की स्थिति बताई। पशुपालन विभाग के संजीव कुमार ने पशुओं के टीकाकरण व पशु सहभागिता योजना पर प्रकाश डाला। कृषि विभाग के प्रतिनिधि रविंद्र गौतम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, बीज वितरण और रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण और ओडीएफ प्लस योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना समेत अन्य विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान ने अब तक कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए भविष्य में भी बिना भेदभाव के कार्य कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राकेश कुमार, देशबंधु चौहान, रितु रानी, आशीष कुमार, ज्योति रानी अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ईद पर शांति व कानून व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क

## सीओ ने जिले की सबसे बड़ी ईदगाह का निरीक्षण किया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** आगामी ईद पर्व के मद्देनज़र क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने किरतपुर कस्बा जिले की सबसे बड़ी ईदगाह का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि ईद के मौके पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान, उनके छोटे भाई मोहम्मद शादान, एडवोकेट अशरफ जमील, थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार मुदस्सिर जमा खान, डॉक्टर अहसानुल करीम, कैप्टन मज़हरनामी, डॉ. फेजान, नावेद खां सहित किरतपुर नगर के कई जिम्मेदार लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. (बिजनौर)
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर

उन्तीसवां रोजा : गुरुवार, 19 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:31, शिया 6:40
तीसवां रोजा : शुक्रवार, 20 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 4:57, शिया-4:51



शहजाद अहमद

# शनिवार को ईद की संभावना से दर्जियों ने राहत की सांस ली

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** आज इस माहे रमज़ान का 29वां रोजा है। ईद का चांद 29वां रोजा मुकम्मल होने के बाद भी दिखाई देने के आसार रहते हैं। सऊदी अरब में बुधवार को 29 रोजे पूरे हो चुके हैं, लेकिन कल वहां चांद दिखाई नहीं दिए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। सऊदी अरब में रह रहे भारतीयों से सोशल मीडिया के माध्यम से हुए संपर्क के मुताबिक वहां 29वें रोजे के बाद बुध की शाम को चांद दिखाई नहीं दिया जिसके तहत वहां आज 30वां रोजा रखा गया है और जुमे को वहां ईद-उल-फित्र मनाए जाने के ऐलान हुए हैं। बीते वर्षों पर नज़र

## दुकानदारों के चेहरों पर रौनक



डालें तो हिंदुस्तान में अक्सर सऊदी अरब से अगले दिन चांद दिखाई देता आया है और वहां की ईद से अगले दिन ही यहां ईद-उल-फित्र मनाई जाती रही है। इसी के तहत यहां शनिवार को ईद-उल-फित्र मनाए जाने की संभावना है। उधर बढ़ते काम के बोझ को लेकर ईद मनाने में एक दिन की मोहलत और मिल जाने के आसार नज़र आने से दिन-रात काम निपटाने में जुटे दर्जी बड़ी राहत महसूस कर रहे हैं और सुबह सवेरे से लेकर देर रात्रि तक नाना प्रकार की दुकानों पर चल रही ग्राहकों की भीड़ को लेकर भी एक दिन का और वक्त मिल जाने के आसार नज़र आने से दुकानदारों के चेहरों पर भी मुस्कान नज़र आ रही है।

# नामित सभासदों को शपथ दिलाई

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद किरतपुर में उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीमती रजनी कालरा,



संजीव वर्मा सोनू, रामपाल प्रजापति, सूरज वाल्मीकि और रुक्मणी कश्यप को एसडीएम नजीबाबाद ने शपथ दिलाई। यह समारोह नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें चेयरमैन अब्दुल मन्नान की मौजूदगी में नगर विकास और सेवा के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने भी समारोह में शिरकत की और सभी नव-नामित सभासदों को बधाई दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर, लोकसभा क्षेत्र संयोजक (सोशल मीडिया) अनुज अग्रवाल, नगर महामंत्री शिवम सिंघल, नगर उपाध्यक्ष विकास राजपूत, विकास चौहान, दीपक अरोड़ा, घसीटा तोमर, ऊषाक चड्ढा, संजीव वर्मा, ऋषभ सिंघल, रमेश वाल्मीकि, गौरव प्रधान, रंजना तनेजा, प्रेम चड्ढा आदि मौजूद रहे।

# लापरवाही से दौड़ते कंटेनर ने ली बाइक सवार महिला की जान

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लापरवाही से दौड़ रहे दो कंटेनरों में से एक कंटेनर ने बाइक सवार एक महिला की जान ले ली। ग्राम उधोवाला निवासी रिटायर शिक्षक

## बीमार भांजे का हाल-चाल जानकर घर लौट रही थी

राजेंद्र चौहान की पत्नी पार्वती देवी (60 वर्ष) अपने बीमार भांजे संतोष कुमार का काशीपुर के अस्पताल में हाल-चाल जानने के बाद बुधवार की अपराह्न घर वापस लौट रहे थी। जैसे ही वह अंगदपुर बस स्टैंड तक पहुंचे तो पीछे से आ रहे कंटेनर की चपेट में आकर पार्वती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा नितीश घायल हो गया। बताया गया है कि तेज गति से आ रहे हैं दो कंटेनर एक-दूसरे से आगे निकलने की



होड़ में थे जिस कारण यह हादसा हुआ। हादसे के तुरंत बाद दोनों कंटेनर चालक कंटेनर सहित मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर मृतका के परिजन, अन्य ग्रामीण एवं पुलिस टीम के साथ रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे और घायल नितीश को अस्पताल पहुंचाया था। परिजनों के अनुरोध पर शव का पीएम नहीं कराया गया है। मृतका पार्वती देवी के दो पुत्र थे जिनमें बड़े पुत्र योगेंद्र कुमार की भी कुछ वर्ष पूर्व पेड़ से दबकर मौत हो गई थी, जबकि छोटे पुत्र मनीष कुमार का अगले महीने विवाह होना प्रस्तावित है। पार्वती देवी की मौत से घर परिवार में कोहराम और गांव में शोक है।

# राशि के अनुसार कैसा रहेगा नवसंवत्सर

**मेष:** राशिवालों को शनि की साढ़ेसाती प्रभावित करेगी। सिंह के गुरु लाभ प्रदान करेंगे। कार्य क्षेत्र में स्थानान्तरण के योग हैं। चोट तथा दुर्घटनाओं से सावधानी बरतें। आषाढ़, आश्विन तथा फाल्गुन मासों में महत्वपूर्ण कार्य सिद्ध करें। गुरु, शनि, राहु और केतु का जपदान तथा शिवाराधना करने से अशुभ फलों में न्यूनता।

**वृष:**- राशिवालों का वर्ष सामान्य फलदायक होगा। आर्थिक लाभ प्राय: वर्षभर बना रहेगा। यद्यपि पहले तिमाही के बाद धन प्रवाह में कुछ रुकावटें भी आयेंगी। कार्यों में गलत मार्गदर्शन मिलने के अवसर भी आयेंगे, अत: सावधानी आपेक्षित है। वर्ष के अंतिम तिमाही में सन्तान की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। श्रावण, कार्तिक तथा चैत्र मास शुभफल प्रद रहेंगे। अशुभ फलों में न्यूनता लाने के लिए गुरु एवं केतु का जपदान करना श्रेयष्कर रहे।

**मिथुन:**- राशिवालों का वर्ष सामान्य फलप्रद होगा। सम्बंधों को सही रखने के और अशान्ति से बचने लिए निरर्थक वाद-विवाद से बचें। धन के नये श्रोत उपजेंगे, परन्तु स्वास्थ्य इत्यादि में धन का व्यय होगा। वर्ष के अन्तिम तिमाही में सुख संसाधनों में कमी तथा धन का अपव्यय होगा। वैशाख, भाद्रपद एवं मार्गशीर्ष महत्वपूर्ण कार्य सिद्ध कर लें। गुरु, शनि, राहु तथा केतु का जपदान शुभ रहे।

**कर्क-** राशिवालों का वर्ष मिलेजुले परिणाम देना वाला होगा। वर्ष का उत्तरार्ध विशेष रुप से ज्यादा फलदायक सिद्ध होगा। कार्य व्यवसाय में ज्यादा मेहनत करने पर ही यथोचित परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजग रहने की आवश्यकता है। रुके हुए कार्य में सिद्धि तथा धन की प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे। ज्येष्ठ, आश्विन तथा पौषमास में महत्वपूर्ण कार्य सिद्ध करें। शिवार्चन तथा हनुमान जी की आराधना करने से अशुभ फलों में न्यूनता।

**सिंह:** राशिवालों का वर्ष शनि की दैया से प्रभावित रहेगा। वर्ष में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। गलत मार्गदर्शन से परेशानियां हो सकती हैं। तीर्थयात्रा एवं कार्यक्षेत्र में स्थानान्तरण शुभफलदायक होगा। नये मित्रों एवं बान्धवों से सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आषाढ़, कार्तिक एवं माघ मास शुभफल प्रद। गुरु, शनि, राहु तथा केतु का जपदान करना श्रेयस्कर होगा।

**कन्या:** राशिवालों का यह वर्ष शुभफल



प्रद है। प्राय: वर्षभर धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे, परन्तु आलस्य का परित्याग करना अत्यन्त जरुरी है। विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र तथा दिशा का परिवर्तन करना हितकर रहेगा। कभी-कभी अनायास शारीरिक एवं मानसिक पीड़ा के क्षणिक अवसर भी आयेंगे। श्रावण, मार्गशीर्ष तथा फाल्गुन मास शुभफलप्रद। अशुभ फल परिहारार्थ शनि का जपदान और हनुमान जी की आराधना करना श्रेयस्कर रहेगा।

**तुला:** राशिवालों का वर्ष मिश्रित फलप्रद होगा। यश, कार्यक्षेत्र, व्यवसाय तथा सम्मान में वृद्धि। वित्त लाभ एवं धनागम के नये श्रोत उत्पन्न होंगे। राजद्वार से यदा कदा भय एवं अपमान की स्थिति भी आयेगी। चैत्र, भाद्रपद तथा पौष मासों में अपने सभी महत्वपूर्ण कार्यों को सिद्ध करना चाहिये। गुरु एवं राहु का जपदान और हनुमान जी की आराधना करने से अशुभ फलों में न्यूनता आयेगी।

**वृश्चिक:** राशिवालों का वर्ष यश, सम्मान एवं आर्थिक क्षेत्रों में वृद्धि का होगा। वर्ष के तीसरे तिमाही में क्षणिक भय तथा वित्त नाश के अवसर आयेंगे। सन्तान की तरफ से विरोधी स्वर उठेंगे। वैशाख, आश्विन एवं माघ मासों में अपने महत्वपूर्ण कार्यों को सिद्ध करने का प्रयास करें। शनि और केतु का जपदान तथा हनुमानजी की आराधना शुभफलप्रद रहे।

**धनु:**- राशिवालों का वर्ष में शनि की ढैया का प्रभाव रहेगा। शत्रु बाधा, धन श्रोतों में अवरोध तथा प्रतिद्वन्दियों से अपमान प्राय: वर्षभर सहना पड़ सकता है। गुरु के सिंह राशि में संक्रमण होने पर यश, सम्मान और धन में वृद्धि के अवसर प्राप्त होंगे। चल अचल सम्पति में निवेश शुभ रहेगा। ज्येष्ठ, कार्तिक तथा फाल्गुन मासों में महत्पूर्ण कार्य सिद्ध होंगे। गुरू, शनि तथा केतु के जपदान तथा शिवार्चन करने से अशुभफलों का निराकरण सम्भव ।



**मकर:**- राशि वालों को लगभग सम्पूर्ण वर्ष धन सम्पदा एवं यश सम्मान का लाभ प्राप्त होगा। पिछले काफी समय से आ रहे अवरोध समाप्त होंगे। राहु-केतु के अशुभ परिणाम प्राय: वर्षभर प्रभावी रहेंगे। आषाढ़, मार्गशीर्ष और चैत्र मासों में अपने सभी महत्वपूर्ण कार्य सिद्ध करने का प्रयास करें। राहु-केतु के अशुभ परिणाम को कम करने के लिए ग्रहों के जपदान और हनुमान जी की आराधना करनी चाहिये।

**कुम्भ:**- राशि वालों का वर्ष शनि की साढ़ेसाती से प्रभावित रहेगा। अपने ही घर के सदस्यों में आपसी मतभेदों के चलते दूरियां बढ़ेंगी। आर्थिक, शारीरिक तथा मानसिक कष्ट प्राय: वर्षभर बना रहेगा। शेयर बाजार और जमीन जायदाद में निवेश करना अच्छा रहेगा। वैशाख, श्रावण तथा पौष मासों में महत्वपूर्ण कार्यों में सिद्धि प्राप्त होगी। गुरु, शनि तथा राहु के जपदान और शिवाराधना से अशुभफलों में न्यूनता।

**मीन:**- राशि वालों को शनि की साढ़ेसाती वर्षभर प्रभावित करेगी। धन का अपव्यय बढ़ेगा। पारिवारिक जीवन में दूरियां बढ़ेंगी। मानसिक तथा शारीरिक कष्ट। संतान से अच्छे समाचार सुनने को मिलेंगे। यश एवं सम्मान में न्यूनता। चल अचल सम्पति में निवेश करना अच्छा रहेगा। ज्येष्ठ, भाद्रपद तथा माघ मास शुभ रहें। शनि, राहु तथा केतु के जपदान एवं शिवाराधना से अशुभ फलों के प्रभाव में न्यूनता।

**-पंडित उमेश चंद्र थुवाल**
**साहित्याचार्य**
**हल्द्वानी**

# चैत्र नवरात्रे पर बन रहे कई मंगलकारी योग

बिजनौर सिविल लाइंस स्थित धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा के पुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि सनातन परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाने वाले चैत्र नवरात्रि इस वर्ष आज, 19 मार्च 2026, गुरुवार से आरम्भ होकर 27 मार्च 2026 को राम नवमी के साथ सम्पन्न होंगे। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही सनातन नववर्ष का आरम्भ माना जाता है। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना आरम्भ की थी, इसलिए इस तिथि को नवसृजन और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों में भक्त माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना कर सुख-समृद्धि, शक्ति और आध्यात्मिक उन्नति की कामना करते हैं।



नवरात्रि जिस वार से आरम्भ होती है, उसी के अनुसार देवी के आगमन का वाहन निर्धारित होता है, इस वर्ष नवरात्रि गुरुवार से आरम्भ हो रही है, इसलिए शास्त्रों के अनुसार माँ दुर्गा डोली पर सवार होकर पृथ्वी पर आगमन करेंगी। डोली पर आगमन को सामान्यत: परिवर्तन और जनजीवन में हलचल का संकेत माना जाता है।

## नवरात्रि में बनने वाले शुभ योग -

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के प्रारम्भ में कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। पंचांग के अनुसार इस समय सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। इन योगों में देवी उपासना, मंत्र जप, साधना, व्रत और नये कार्यों का आरम्भ अत्यंत फलदायी माना गया है।

## नवदुर्गा के बीज मंत्र -


प्रथम दिन - माँ शैलपुत्री
ह्रीं शिवायै नम:
द्वितीय दिन- माँ ब्रह्मचारिणी
ह्रीं श्री अम्बिकायै नम:
तृतीय दिन- माँ चंद्रघंटा
ऐं श्रीं शक्त्यै नम:
चतुर्थ दिन- माँ कूष्मांडा
ऐं ह्रीं क्लीं कूष्माण्डायै नम:
पंचमी- माँ स्कंदमाता
ह्रीं क्लीं स्वामिन्यै नम:
षष्ठी- माँ कात्यायनी
ह्रीं कात्यायन्यै नम:
सप्तमी- माँ कालरात्रि
क्लीं ऐं श्री कालिकायै नम:
अष्टमी- माँ महागौरी
ह्रीं शिवायै नम:
नवमी- माँ सिद्धिदात्री
ऐं ह्रीं क्लीं सिद्धिदात्र्यै नम:

**-पंडित अभिलाष शर्मा,**
**विष्णुलोक**
सिविल लाइन पंजाब नेशनल बैंक के बराबर में, बिजनौर।
9457563232

आज का विचार

# गुल्लक परंपरा की अनूठी मिसाल

## एक-एक रुपया जोड़कर, लाखों लिए बनाए



**-सत्यराज**

गुल्लक एक अति प्राचीन परंपरा है। अर्थ है सिक्का-सिक्का जोड़कर एक बड़ी धनराशि बनाई जाती है, जो किसी भी आपदा अथवा आवश्यकता के समय काम आ सकती है। इस विचार को विगत कुछ वर्षों से एक संस्था के माध्यम से सिद्ध किया जा रहा है। धामपुर की अक्षर नामक संस्था एक रुपया प्रतिदिन देश के नाम जोड़कर, बीते दो दशकों से एक अभियान चला रही है। इस अभियान के माध्यम से एकत्रित राशि हर वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में भेजी जाती है। सर्वविदित है कि इस फंड से देश में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं में पीड़ितों को सहयोग किया जाता है। व्यावहारिक तौर पर देखें तो भूकंप, बाढ़ और मानवीय दुर्घटनाओं से पीड़ित लोगों को आर्थिक, लेकिन तुरंत सहायता पहुंचाने के लिए इस कोष का प्रयोग होता है। मानवीय संवेदना के साथ-साथ इस अभियान से जुड़ने का अर्थ मनुष्य में राष्ट्रीय भावना को मजबूत बनाना भी है। जब कोई राष्ट्रीय आपदा आती है तो यथाशीघ्र आर्थिक मदद की जरूरत होती है, जिस देश का आपदा सहायता कोष मजबूत होता है, वह देश अपने पीड़ित लोगों की आसानी से और जल्दी मदद कर सकता है। इसे ऐसे भी समझा जा सकता है कि जैसे हमें अचानक कोई बीमारी हो जाए या दुर्घटना हो जाए तो तुरंत अतिरिक्त पैसे की जरूरत पड़ेगी, जो कि हमारे वेतन या मासिक कमाई से अलग हो तो बेहतर है। ऐसे में गुल्लक में जुड़े पैसे ही काम आ सकते हैं। इसी विचार और भावना को हम अपने देश के संदर्भ में ले सकते हैं, और एक-एक रुपए प्रतिदिन देश के लिए जोड़ सकते हैं। ध्यान रहे एक रुपया आजकल भिखारी भी को भी नहीं दिया जाता, लेकिन अक्षर संस्था एक रुपया प्रतिदिन देश के लिए जोड़कर राष्ट्रीय राहत कोष में अब तक 36,56,000 रुपए पीएम रिलीफ फंड में भेज चुकी है। ध्यान रहे यह एक सामूहिक प्रयास है, जो राष्ट्रीय भावना को भी मजबूत करता है। हमें सोचना होगा कि हजारों वर्ष की हमारे देश की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को कैसे अक्षुण्ण रखा जाए, यह केवल सामूहिक प्रयास से ही पूरा हो सकता है। यानी एक कृपया प्रतिदिन देश के नाम जोड़कर लाखों करोड़ों की राशि एकत्रित की जा सकती है, जो राष्ट्रीय आपदा के समय जनमानस के लिए उद्दपयोग में आएगी। सोचिए जो देश हमें पहचान देता है, हमें उसके लिए कुछ तो अंशदान करना ही चाहिए। इस उद्देश्य में सामूहिकता से अच्छा कोई विकल्प नहीं हो सकता। आइए सब मिलकर साथ चलते हैं।

# दुर्गम क्षेत्रों में फाइबर केबल एवं वाईफाई के माध्यम से कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के निर्देश

**नैनीताल ( चिंगारी )।** सूबे के मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में राज्य ब्रॉडबैण्ड समिति की 9वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान इंटरनेट कनेक्टिविटी से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी एवं मुख्य सचिव द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।



मुख्य सचिव ने ऐसे क्षेत्रों जहां रोड एक्सेस नहीं है, 4जी उपकरण आदि पहुंचाने के लिए रोड कनेक्टिविटी के बजाय फाईबर केबिल बिछाकर एवं वाईफाई आदि के माध्यम से शीघ्र से शीघ्र कनेक्टिविटी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए अन्य विकल्पों पर भी विचार कर उपयोग किए जाने जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने सभी पंचायत भवनों को भारतनेट कनेक्टिविटी सुविधा शीघ्र से शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राज्य सरकार का आरओडब्ल्यू पोर्टल को आईटीडीए हैंडल करेगा। साथ ही उन्होंने अन्य पेयजल, बिजली, गैस एवं संचार से सम्बन्धित ऐसे विभागों, जो सड़कों आदि की खुदाई कर अंडरग्राउण्ड लाइनें बिछाने का कार्य करते हैं, को आरओडब्ल्यू पोर्टल पर अपने सिस्टम को शीघ्र इंटीग्रेट किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# गुलदार की सक्रियता के मद्देनजर वन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जनपद में गुलदार की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए वन विभाग ने आमजन के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे दैनिक जीवन में आवश्यक सावधानियां अपनाकर संभावित जोखिम को कम करें। प्रभागीय वनाधिकारी गढ़वाल, महातिम यादव ने बताया कि घरों के आसपास झाड़ियों की नियमित साफ-सफाई अत्यंत आवश्यक है, जिससे जंगली जानवरों के छिपने की संभावना कम हो सके। इसके साथ ही शाम ढलने के बाद तथा रात्रि के समय घर और आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी गयी है। पालतू पशुओं की सुरक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि उन्हें खुले में छोड़ने के बजाय सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें। साथ ही कूड़ा-कचरा खुले में न डालें, क्योंकि इससे जंगली जानवर आकर्षित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इसके लिए वन्यजीव हेल्पलाइन नंबर 1926 पर संपर्क करने की अपील की गयी है।

## कुट्टू के आटे के नमूने लिये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नवरात्रि पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा आयुक्त, औषधि प्रशासन उत्तराखंड एवं जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल के आदेश के क्रम में स्थानीय खाद्य विभाग की टीम ने कोटद्वार में विभिन्न स्थानों पर सघन निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान चलाया और कुट्टू के आटे के तीन नमूने एकत्रित किए जिन्हें जांच के लिए खाद्य विश्लेषणशाला रूद्रपुर भेजा गया। इस दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों को उच्च गुणवत्ता के कुट्टू के आटे एवं अन्य व्रत सामग्री बेचने के निर्देश दिए। साथ ही उपभोक्ताओं को भी कुट्टू का आटा व अन्य व्रत सामग्री खरीदने के समय विशेष सावधानी बरतने एवं खरीदने पर पक्का बिल लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# आयोग अध्यक्ष को सौंपा आरक्षित वर्ग की समस्याओं संबंधी ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड एससी, एसटी एम्पलाइज फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता मदन शिल्पकार ने नई दिल्ली में अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर उनको आरक्षित वर्ग की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

यह जानकारी देते हुए शैलशिल्पी विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने बताया कि उत्तराखंड का आरक्षित वर्ग वर्षों से पदोन्नति में आरक्षण बहाल किय जाने एवं उपनल के माध्यम से बैकडोर से असंवैधानिक ढंग से हो रही भर्तियों के मामले में संघर्ष कर रहा है, लेकिन उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बताया कि इस संबंध में फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष मदन शिल्पकार की ओर से अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया है। कहा कि अब समय आ गया है कि प्रदेश के आरक्षित वर्गों के कार्मिकों एवं सामाजिक संगठनों को प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण बहाल कराए जाने व उपनल के माध्यम से हो रही नियुक्तियों में भी आरक्षण लागू किय जाने के लिए निर्णायक संघर्ष करना चाहिए।

# 'यूकास्ट' ने किया कार्यशाला का आयोजन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय परिसर, ऋषिकेश में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं परिषद (यूकॉस्ट) के तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राध्यापकों, शोधार्थियों और छात्रों को नवाचार तथा पेटेंट फाइलिंग की बारीकियों से अवगत कराना था। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय परिसर निदेशक प्रो एम.एस. रावत व यूकॉस्ट के वैज्ञानिक व मुख्य वक्ता हिमांशु गोयल, संकायाध्यक्ष विज्ञान, प्रो. एस.पी. सती, निदेशक, IQAC, आईपीआर प्रकोष्ठ प्रो. जी.के. ढींगरा, डॉ. एसके कुडियाल व अन्य द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने अपने सन्देश में कहा कि इस तरह के आयोजन विश्वविद्यालय में शोध और उद्यमिता के वातावरण को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होंगे।




उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने अपने सन्देश में कहा कि ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन राज्य स्तर पर किया जाये ताकि बौद्धिक संपदा अधिकार पर जागरूकता को बढ़ावा मिले। इसी के साथ उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ हिमांशु गोयल, वैज्ञानिक, पीआईसी, यूकॉस्ट ने बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में प्राचीन भारतीय ज्ञान के भंडार के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में भारत की ओर से लगभग एक लाख पेटेंट प्रतिवर्ष हो रहे हैं। डॉ. एसके कुडियाल ने अपने संबोधन में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, सभी को नवाचार के लिए प्रेरित किया। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान शोधार्थियों ने अपनी शंकाओं का समाधान किया, जिसमें मुख्य रूप से शोध पत्र प्रकाशित करने और पेटेंट कराने के बीच के अंतर को समझाया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के छात्रों, शोधकर्ताओं, फैकल्टी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की।

# गैस सिलेंडर के लिये एजेंसी पर लग रही लंबी लाइन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में स्थानीय प्रशासन व गैस एजेंसी संचालकों के आश्वासन के बाद भी लोग रसोई गैस सिलेंडर के लिए लाइनों में लग रहे हैं। बुधवार को क्षेत्र की गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लाइन लगी नजर आई। अभी उन्हीं उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया जा रहा है, जिन्होंने पूर्व में 25 दिन पहले सिलेंडर भरवाया था। लोगों का कहना था कि सिलेंडर बुकिंग के लिए जो नंबर जारी किए गए हैं वे नंबर काम नहीं कर रहे हैं, ऐसे में एजेंसी में सिलेंडर लेकर आना उनकी मजबूरी बन गया है। वहीं एजेंसी संचालकों का कहना था कि वे शासन प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार ही काम कर रहे हैं। लोगों को भी निर्धारित गाइड लाइन का पालन करना चाहिए।

# नवरात्र का पर्व नारी के महत्व को दर्शाता है -सीएम धामी

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर राजधानी देहरादून में आयोजित 'एक शाम नववर्ष के नाम' कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। चैत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने सभी से नारियों के सम्मान की भी अपील की है। नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि हमारे पौराणिक ग्रन्थों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा सद् प्रवृत्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



# 9 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व रेडक्रास समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वीर फाउंडेशन के विनोद डोभाल ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। कहा कि जीवन का सबसे बड़ा दान रक्तदान है। इसलिए हम सभी को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। आधारशिला फाउंडेशन के दलजीत सिंह ने विद्यार्थियों को अपने जन्मदिन व अन्य शुभ दिनों में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सूरज विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को खान-पान पर ध्यान देने की सीख देते हुए कहा कि फास्टफूड शरीर को नुकसान पहुंचाता है। वहीं शिविर में रक्तदान के लिए 27 विद्यार्थियों ने पंजीकृत करवाया था लेकिन, नौ विद्यार्थियों ने ही रक्तदान किया। इस मौके पर डॉ. अनुराग शर्मा, गीता रावत, आंचल रावत, भारत सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मिडिल ईस्ट जंग 'तेल युद्ध' में बदली...



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** ईरान पर यूएस-इज़रायल के हमले के बाद बीसवें दिन भी मिडिल ईस्ट में भयानक जंग जारी है। ईरान की टॉप लीडरशिप को बड़ा नुक़सान हुआ है, लेकिन तेहरान खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इज़रायल की तरफ़ लगातार मिसाइलें दाग रहा है। इधर से इज़रायल की तरफ़ से भी एयर स्ट्राइक जारी है। मिडिल ईस्ट में चल रहा युद्ध अब सिर्फ सैन्य टकराव नहीं रहा, बल्कि बीते 24 घंटों में यह सीधे-सीधे 'ऑयल वॉर' में बदल गया है, क्योंकि इस जंग में एनर्जी ठिकानों पर सीधे हमले हो रहे हैं, जिसका असर दुनिया के कई अन्य इलाकों में भी पड़ा है। ऑयल की ग्लोबल सप्लाई भी बाधित हुई है और तेल की क़ीमतों में भारी उछाल आया है। मिडिल ईस्ट जंग में बड़े बदलाव की शुरुआत तब हुई, जब इज़रायल ने ईरान के साउथ पार्स गैस फ़ील्ड पर हमला किया।

## अमेरिका में हड़कंप...

पश्चिम एशिया में जंग जारी है। अमेरिका और इजरायल की सेनाएं ईरान के शहरों, सैन्य ठिकानों और ऑयल फील्ड्स पर बम के रूप में तबाही बरसा रही हैं। वहीं, ईरान युद्ध के बीच अब एक ऐसी घटना हुई है, जिसे लेकर खाड़ी देशों से बहुत दूर अमेरिका में भी हड़कंप मच गया है। अमेरिकी सेना हाईअलर्ट पर आ गई है। दरअसल, अमेरिका के एक आर्मी बेस पर ड्रोन मंडराता दिखा है। यह ड्रोन जिस आर्मी बेस पर मंडरा रहा था, उस बेस पर तब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दो मजबूत और प्रभावशाली चेहरे मौजूद थे। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षामंत्री पेटे हेगसेथ तब उसी बेस पर मौजूद थे।


hindware italian collection
नवरात्रों व ईद पर ऑफर
"हिन्दवेयर" के सभी Sanitaryware प्रोडक्ट पर 45%* तक का डिस्काउंट और Faucet (टंकियाँ) पर 35%* तक का डिस्काउंट उपलब्ध है। हमारे यहाँ पाईप व फिटिंग भी उचित दर पर उपलब्ध है।
यह ऑफर सिर्फ मार्च 2026 तक के लिये उपलब्ध है।
Contact : 8447732173, 639664376
एच एण्ड टी एन्टरप्राईजेज
टोटोडा शोरूम के पीछे, किरतपुर रोड, बिजनौर



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234





Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148



ईदगाह कमेटी शहर बिजनौर ( उ.प्र. )
अपील
1. ईदगाह शहर बिजनौर में ईद-उल-फ़ितर की नमाज सुबह 8:00 बजे होगी। बराए मेहरबानी हर हालत में वक्त की पाबंदी का ख़्याल रखें।
2. हकूमत उ.प्र. की गाईडलाइन्स के मुताबिक सड़कों पर नमाज़ न अदा करें।
3. अगर ईदगाह पहुंचने में आपको देर हो गई है, तो करीब की मस्जिद में ईद की नमाज अदा करें। सड़कों और रास्तों पर नमाज़ न पढ़ें।
4. ईदगाह में सफ़ों के बीच में खाली जगह न छोड़ें, सही तरीके से सफबंदी करें, ताकि सभी लोगों को नमाज़ के लिये जगह मिल सके।
5. ईदगाह, रास्तों, सड़कों पर खाली बोतलें न फेंके, सफाई का ख़ास ख्याल रखें। कूड़ेदान का इस्तेमाल करें।
6. ट्रैफिक के रूल्स की पूरी तरह पाबंदी करें, तीन लोग एक साथ सवार न हों। रास्तों में अपने वाहन न खड़े करें।
आप सबको ईद-उल-फ़ितर की दिली मुबारकबाद
आईए भाईचारे, अमन और नज़्म की आला मिसाल कायम करें।
अपीलकर्ता
ईदगाह कमेटी शहर, बिजनौर
अब्दुल रहमान ( खाज़िन )
एम.जौहर ( सेक्रेट्री )
मौलाना अरशद महमूद कासमी ( नायब सदर )
मौलाना अनवार उर रहमान ( सदर )



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफ़िया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"





योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाएं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928